


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 303 | ग्वालियर, बुधवार 09 दिसम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### सेना में 24 साल की सेवा के बाद भी मजदूरी करने को मजबूर जवान, पेंशन भी नसीब नहीं



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के रहने वाले गोंड आदिवासी चंदूराम माझी सेना में हवलदार के रूप में देश की सेवा की जम्मू-कश्मीर से लेकर पश्चिम बंगाल और राजस्थान समेत कई हिस्सों में तैनात रहे। लेकिन माझी को शायद यह नहीं पता था कि जब वह सेना की वर्दी उतारेंगे तो उनको एक सुकून और आराम की जिंदगी नहीं मिलेगी। आज माझी के लिए अपने और बच्चों के जीवन यापन के लिए लेबर का काम करना पड़ रहा है। यहां तक कि सेना में सेवा दे चुके इस जवान ने जीवन यापन के लिए साइकिल रिपेयरिंग का काम भी किया। ओडिशा के नुआपाड़ा जिले का परसखोल गांव के रहने वाले चंदूराम माझी की कहानी दिल को झकझोर देगी। 51 साल के चंदूराम 1988 में सेना ज्वाइन किए थे। आर्मी सर्विस क्रॉप से हवलदार तक का सफर करने वाले चंदूराम जैसे रिटायरमेंटके करीब पहुंच थे कि परिवार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे। माझी कहते हैं कि मैं अगस्त 2012 में सेवानिवृत्त होने वाला था और अपने पैतृक गांव में अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण समय बिताने के लिए उत्सुक था, इसी बीच मेरी पत्नी के कमर के नीचे किसी तरह का पक्षाघात सामने आया। मैंने उसे जम्मू-कश्मीर के अस्पताल में दिखाया जहां पर मेरी पोस्टिंग थी लेकिन एक महीने के इलाज के बाद मुझे बताया गया कि बीमारी वंशावली है और इसे ठीक नहीं किया जा सकता है। मैं उसे नुआपाड़ा में अपने गांव ले आया, जहां नवंबर 2012 में उसकी मौत हो गई। यही से माझी के बुरे दिन शुरू हो जाते हैं। जब उन्होंने अपनी बीमार पत्नी के साथ-साथ एक नवजात शिशु सहित उनकी 4 बेटियों की देखभाल करने के लिए अपनी छुट्टी को और बढ़ाने की मांग की, तो उन्हें अनुमति नहीं मिली और ड्यूटी पर लौटने का निर्देश दिया गया। माझी पर दुखों का पहाड़ टूटा था तो वो ड्यूटी ज्वाइन नहीं किए। इस बीच उनकी रिटायरमेंट की डेट भी निकल जाती है। सेवानिवृत्ति की निर्धारित तिथि के बाद, उन्होंने सेना से अपनी सेवानिवृत्ति की बकाया राशि प्राप्त करने की कोशिश की और बैंगलोर के एएससी रिकॉर्ड रूम को कई पत्र लिखे।

### किसान आंदोलन के बहाने विदेश में खालिस्तानी एजेंडे पर मोदी सरकार सतर्क



**नई दिल्ली।** कनाडा के बाद ब्रिटेन सहित कुछ देशो में किसान आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन के नाम पर खालिस्तान समर्थक एजेंडे पर भारत ने ऐतराज जताया है। भारत विभिन्न सरकारों के संपर्क में है। ब्रिटेन में हुए प्रदर्शन के खिलाफ भारत ने अपनी आपत्ति जताई है। भारतीय दूतावास के सामने हुए प्रदर्शन में परमजीत सिंह पम्मा भी शामिल हुआ था और खालिस्तानी झंडे लहराए गए थे। ब्रिटेन मे हुए प्रदर्शन पर वहां भारतीय उच्चायोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह जल्द स्पष्ट हो गया कि लोगों के जमावड़े की अगुवाई भारत विरोधी अलगाववादी कर रहे थे जिन्होंने भारत में किसानों के प्रदर्शन का समर्थन करने के नाम पर भारत विरोधी अपना एजेंडा चलाया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन भारत का आंतरिक मामला है और भारत सरकार प्रदर्शनकारियों से बात कर रही है। गौरतलब है कि लन्दन में भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तान के झंडे के साथ सोमवार को सिख फॉर जस्टिस ग्रुप का परमजीत सिंह पम्मा शामिल हुआ। पिछले साल भारत ने इस समूह का बहिष्कार किया था। भारत में यह संगठन प्रतिबंधित भी है।

## भारत बंद में चालू रही सर्व धर्म सेवा, गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों के लिए चलाए जा रहे तीन लंगर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अलग-अलग इलाकों से हजारों की तादाद में किसान पहुंचे हुए हैं एक तरफ उनका विरोध प्रदर्शन सरकार के खिलाफ चल रहा है ऐसे में इन तमाम किसानों का कैसे ख्याल रखा जाए इसकी फिक्र कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने उठा रखा है. दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर एक अनूठा नजारा देखने को मिला. यहां हर ओर सेवा करते सैकड़ों लोग दिखाई दिए. कोई चाय बांटता नजर आया, कोई खाना बांटता हुआ तो कोई बीमारों को दवा देता हुआ. सबसे बड़ी बात तो यह है ऐसे सेवादारों में किसी एक मजहब के लोग नहीं बल्कि हर धर्म से जुड़े लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं.

**आंदोलन को समर्थन देने वालों को तीनों वक्त का खाना**-वैसे तो गाजीपुर बॉर्डर पर तीन-तीन लंगर चल रहे हैं जिसमें इस आंदोलन को समर्थन देने वालों को तीनों वक्त खाना खिलाया जाता है. लेकिन सबसे बड़ा लंगर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का है. रोजाना इस लंगर में 10 से 15 हजार लोगों का खाना तैयार हो रहा है. यहां पर इस लंगर का मैनेजमेंट देखने वाले देवेंद्र सिंह और मनमोहन सिंह से आज तक ने बातचीत की तो उन्होंने बताया कि पूरी व्यवस्था कैसे संभाली जाती है. देवेंद्र सिंह बताते हैं कि सुबह की चाय से शुरू होकर रात के खाने तक उनका रसोईघर लगातार चलता रहता है. चाय तो 24 घंटे मिलती है. मनमोहन सिंह कहते हैं कि यहां पर सब्जी और दाल बनाई जाती है लेकिन रोटियां बाहर के गुरुद्वारे से आती हैं क्योंकि यहां पर बनाने के लिए उनके पास बड़ी मशीन नहीं है.



**भारतीय किसान यूनियन का अपना लंगर**-दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के इस लंगर से कुछ दूर पर ही भारतीय किसान यूनियन का अपना लंगर है. जब आज तक की टीम वहां पहुंची तो गरम-गरम पूरियां मिक्स वेजिटेबल के साथ किसानों को खिलाई जा रही थीं. इसकी व्यवस्था गाजियाबाद के लोनी इलाके में रहने वाले चेतन त्यागी और विजेंद्र सिंह देखते हैं. चेतन बताते हैं कि हर रोज वह अलग-अलग किस्म का खाना बनवा रहे हैं. लोगों के लिए पकौड़े से लेकर राजमा-चावल सब का इंतजाम किया जा रहा है. चेतन त्यागी यह भी बताते हैं कि यहां पर हर रोज कम से कम ढाई से तीन हजार लोगों का खाना तो बनता ही है. किसान यूनियन इसका खर्चा खुद उठा रही है और किसानों से कोई भी चंदा नहीं लिया जा रहा है. थोड़ी दूर चलने पर एक दवाखाना खुला है. बीमार खासतौर पर बुजुर्ग मरीज वहां आते हैं और इस डिस्पेंसरी में बैठे दो डॉक्टरों से सलाह मशवरा कर अपनी दवाई ले जाते हैं. इस डिस्पेंसरी का रोचक पहलू यह है यह डिस्पेंसरी भी गुरुद्वारा प्रबंधन के जरिए ही चलाई जा रही है. लेकिन इसमें बैठने वाले दोनों डॉक्टर मुसलमान हैं. इनमें से एक का नाम है डॉक्टर सुभान चौधरी तो दूसरे का नाम है डॉक्टर मोहम्मद अकील. हर तरह की परेशानियों को लेकर लोग आते हैं जिनमें से ज्यादातर सर्दी से सताए हैं या फिर पेट से जुड़ी बीमारियां हैं.

यूपी में भारत बंद का मिलाजुला असर

## कहीं दुकानें खुली तो कहीं सड़क पर उतरे प्रदर्शनकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारत बंद का मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है. प्रयागराज में समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं ने ट्रेन रोकने की कोशिश की, तो वहीं बाराबंकी में किसानों ने बाजार बंद कराने की कोशिश करते, लेकिन उसके पहले ही इन लोगों को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया. यूपी में कुछ जिलों में किसान आंदोलन के समर्थन में भारत बंद हेतु विपक्षी पार्टियां, सरकार को घेरने के लिए सड़कों पर उतर रही हैं. यूपी के प्रयागराज में आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ट्रेन को रोक दिया. बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन को रोककर जमकर नारेबाजी की और ट्रेन की पटरी पर लेट गए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की बात करें तो वहां पर भी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत बंद को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय के गेट पर ताला लगा दिया. सपा कार्यकर्ताओं ने



कृषि कानून को वापस लेने की मांग करते हुए भारत बंद का आवाहन किया और कलेक्ट्रेट ऑफिस में जमकर नारेबाजी की. बाराबंकी में किसान यूनियन के सभी संगठनों ने भारत बंद के समर्थन में हुंकार भरा. सपा-बसपा और वकीलों के संगठनों ने भारत बंद के समर्थन का ऐलान किया है. जिले में अराजकता और माहौल खराब ना हो, इसके लिए जिला-प्रशासन ने सपा बसपा-कांग्रेस और कई किसान नेताओं को उनके घरों में ही नजर बंद कर दिया है. पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप के घर के बाहर पुलिस मुस्तैद है. कांग्रेस वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया के घर के बाहर भी भारी मात्रा में पुलिस बल को तैनात किया गया है और इन सभी नेताओं को नज़रबंद कर दिया गया है. बाराबंकी में सुबह खुलने वाले बाजार अभी बंद है और भारत बंद का असर बाराबंकी में दिख रहा है. हालांकि बाजारों में पुलिस गश्त कर रही है. भारत बंद को लेकर बागपत में पुलिस अलर्ट मोड पर है. जनपद की सीमाओं को सील कर दिया है और चेकिंग अभियान करते हुए चौराहों और हाईवे पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है. बागपत में कई संगठनों ने भारत बंद को समर्थन दिया है, लेकिन बागपत पुलिस अलर्ट मोड पर है. वहीं, संभल में आज भी नवीन गल्ला मंडी खुली हुई है. फलों और सब्जियों की बिक्री जारी है. संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र में मार्केट खुले हुए हैं.

### दो दिवसीय दौरे पर बंगाल जाएंगे बीजेपी अध्यक्ष नड्डा, पार्टी कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी ने कमर कस ली है. इसके लिए खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई दिग्गज नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है. बीजेपी अध्यक्ष नड्डा 9 दिसंबर (बुधवार) को दो दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचने वाले हैं. नड्डा इस दौरान चुनाव मैनेजमेंट के लिए वर्चुअली राज्य के 9 जिलों में पार्टी ऑफिस की शुरुआत करेंगे. इसके अलावा वह रामकृष्ण मिशन जाकर पूजा भी करेंगे. दो दिवसीय दौरे पर जेपी नड्डा का शेड्यूल काफी बिजी रहने वाला है. आइए जानते हैं कि क्या कुछ खास है बीजेपी अध्यक्ष के बंगाल दौरे में. सबसे पहले आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल में पार्टी गतिविधियों का जायजा लेने के लिए जेपी नड्डा का निर्धारित दो दिवसीय दौरा 8 दिसंबर को शुरू होना था, लेकिन अब यह 9 दिसंबर को शुरू होगा. बीजेपी अध्यक्ष बुधवार दोपहर को कोलकाता पहुंचेंगे. कार्यक्रम के अनुसार, नड्डा राज्य बीजेपी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे. साथ ही पार्टी के 9 जिला कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे. इसके अलावा वह भभानीपुर विधानसभा में जनसंपर्क भी करेंगे. इसके बाद वह कालीघाट मंदिर में पूजा करेंगे. इन सबके अलावा जेपी नड्डा बीजेपी राज्य चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे. साथ ही स्लम बस्तियों के रहवासियों से भी मिलेंगे. गुरुवार को चौबीस परगना जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे. रामकृष्ण मिशन का दौरा कर वहां पूजा करेंगे फिर डायमंड हार्बर में मछुआरा समुदाय से मिलेंगे. इसके बाद वह चार बजे प्रेस कांफ्रेंस करेंगे. गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में 2011 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी लेफ्ट का सफाया कर सत्ता पर काबिज हुई थीं. इसके बाद 2016 के चुनावों में भी ममता बनर्जी सरकार की वापसी हुई. लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने कुल 42 में से 18 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया और अब उसकी निगाहें विधानसभा चुनावों पर हैं. बीजेपी बंगाल फतह के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है, इसीलिए पार्टी के दिग्गज नेताओं ने हर महीने बंगाल दौरे का प्लान बनाया है. जेपी नड्डा के बाद गृह मंत्री अमित शाह फिर पीएम नरेंद्र मोदी भी बंगाल का दौरा करेंगे.

राष्ट्रपति से मिलेंगे राहुल-पवार सहित विपक्षी दलों के बड़े नेता

## कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की करेंगे मांग

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ राजधानी दिल्ली में किसानों के प्रदर्शन और भारत बंद के बीच विपक्ष ने अब राष्ट्रपति के पास जाकर गुहार लगाने का फैसला किया है। इनमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार जैसे नेता शामिल होंगे। यह मुलाकात कल बुधवार शाम पांच बजे होनी है।

सीपीआई (मार्क्सवादी) के नेता सीताराम येचुरी ने बताया कि कोवड-19 प्रोटोकॉल की वजह से केवल 5 नेताओं को राष्ट्रपति से मुलाकात की अनुमति दी गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात करने के पहले कृषि कानूनों पर चर्चा करेंगे और सामूहिक रुख अपनाएंगे। विपक्षी दलों के नेताओं के बुधवार को कोविंद से मिलेंगे और तीन कृषि कानूनों के बारे में उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराएंगे। जाने की संभावना है। पवार की राकांपा समेत कुछ अन्य दलों ने किसान संगठनों द्वारा मंगलवार को बुलाए गए भारत बंद का समर्थन किया है। पवार ने संवाददाताओं से कहा, राष्ट्रपति रामनाथ



कोविंद से मुलाकात करने के पहले (कृषि कानूनों का विरोध करने वाले) विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता बैठक कर चर्चा करेंगे और सामूहिक रुख अपनाएंगे। भाजपा ने सोमवार को कहा था कि केंद्र की संप्रग सरकार में बतौर कृषि मंत्री पवार ने राज्यों को एपीएमसी कानून में संशोधन करने को कहा था और उन्हें आगाह भी किया था कि तीनों सुधार नहीं करने पर केंद्र की तरफ से वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी। राकांपा ने कहा था कि केंद्रीय कृषि मंत्री के तौर पर पवार ने राज्यों के कृषि विपणन बोर्डों के साथ व्यापक सहमति बनाने की कोशिश की और कानून को लागू करने के लिए उनसे सुझाव मांगे। राकांपा ने कहा था, एपीएमसी कानून के प्रारूप के अनुसार किसानों को होने वाले फायदे के बारे में उन्होंने (पवार ने) कई राज्य सरकारों को अवगत कराया, जिसे लागू करने पर वे सहमत हुए। कानून के लागू होने से देशभर के किसानों को लाभ हो रहा है। किसानों के हितों की रक्षा के लिए पवार ने इस कानून में कुछ बदलाव किया था। पवार ने मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और समझा जाता है कि पुणे जिले में पुरंदर हवाई अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण के संबंध में चर्चा हुई।

### घर में नजरबंद अरविंद केजरीवाल ने कहा- आज मुझे अन्ना आंदोलन के दिन याद आ गए

**नई दिल्ली।** भारत बंद के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घर में नजरबंद किए जाने के आम आदमी पार्टी (आप) के आरोपों के बीच सीएम आवास पर चल रहा आप नेताओं का धरना अब खत्म हो गया है। मंगलवार शाम पुलिस द्वारा आप विधायकों और पार्टी कार्यकर्ता को पीछे के गेट से सीएम आवास में ले जाया गया। इस दौरान केजरीवाल ने घर के अंदर से ही सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड मामले में तिहाड़ जेल में बंद ब्रजेश ठाकुर की रिमांड फिर लटकी

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड मामले में दिल्ली के तिहाड़ जेल में सजा भुगत रहे ब्रजेश ठाकुर की रिमांड मामले में पुलिस की उदासीनता सामने आ रही है। इसकी वजह से स्वाधार गृह से 11 महिलाओं और चार बच्चों के गायब होने के मामले में एक बार फिर महिला थाने की पुलिस विशेष कोर्ट में रिपोर्ट नहीं दाखिल कर सकी। सोमवार को मामले में सुनवाई के दौरान महिला थाने की पुलिस कोर्ट में गैरहाजिर रही। अब मामले में आगे की सुनवाई के लिए 11 दिसंबर को होगी। लगातार पुलिस की उदासीनता के कारण बालिका गृह कांड में दिल्ली के तिहाड़ जेल में सजा भुगत रहे ब्रजेश की रिमांड स्वधार गृह कांड में नहीं हो पा रही है। इसके कारण डेढ़ साल से स्वाधार गृह कांड लंबित चल रहा है। बीते एक दिसंबर को सुनवाई के दौरान विशेष कोर्ट ने पुलिस को नए सिरे से लिखित रूप से पक्ष रखने के लिए निर्देश दिया था।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्टर्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छीतसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


सीएम आवास के बाहर धरने पर बैठे सिसोदिया

## पुलिस पर लगाया केजरीवाल को नजरबंद करने का आरोप

> दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को घर में नजरबंद करने के आम आदमी पार्टी (आप) के आरोपों को दिल्ली पुलिस ने पूरी तरह से बेबुनियाद बताया है। उत्तरी दिल्ली के डीसीपी एंटो अल्फोंस ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सोमवार शाम भी कहीं निकले थे और रात करीब 10 बजे वापस लौटे थे, इसलिए इस तरह के आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के बाहर आप और बीजेपी कार्यकर्ताओं के टकराव को रोकने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है और मुख्यमंत्री के आने-जाने या उनसे किसी के मिलने पर कोई रोक नहीं है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार शाम मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और दिल्ली पुलिस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घर में नजरबंद करने का आरोप लगाया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुलिस पर केंद्र सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल ने इन्हें किसानों के लिए जेल बनाने से रोका तो आज इन्होंने मुख्यमंत्री के घर को जेल बना रखा है। क्या अब यह पुलिस तय करेगी कि मुख्यमंत्री किससे मिलेंगे और किससे नहीं? सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री को हाउस अरेस्ट करके रखा है, लोग मिलने जाना चाह रहे हैं



वो (पुलिस) कह रहे हैं कि आईडी कार्ड दिखाओ। मुख्यमंत्री कैदी हैं जिनसे मिलवाने के लिए पुलिस 2-3 लोगों को लेकर जाएगी? सीएम ऑफिस कह रहा है कि लोगों को आने दो, लेकिन पुलिस अंदर नहीं जाने दे रही है। सीएम से मिलना है या नहीं यह पुलिस तय कर रही है सीएम नहीं? फिर भी बीजेपी और उसकी पुलिस बेशर्मी से कह रही है कि सीम को नजरबंद नहीं किया हुआ है। नजरबंदी/हाउस अरेस्ट और क्या होता है? मैं सीएम के घर के बाहर के रास्ते पर बैठा हूं। पुलिस ने रू मंत्री, सांसद, कार्यकर्ता, आम आदमी सबको रोक रखा है। किसी को भी सीएम के घर नहीं जाने दे रहे हैं और पुलिस के अफसर झूठा बयान दे रहे हैं कोई हाउस अरेस्ट नहीं है। पुलिस किससे निर्देश ले रही है। सीएम को नजरबंद किसके इशारे पार किया गया है? सिसोदिया ने कहा कि बीजेपी किसानों और सीएम अरविंद केजरीवाल से नाराज है।

## एक नजर....

## आँगनवाड़ी केन्द्रों पर सहयोगिनी मातृ समिति का होगा पुनर्गठन



**रितेश कटरे ब्यूरो**

बालाघाट। आँगनवाड़ी सेवा योजना के तहत संचालित कार्यक्रमों में सेवा उपयोगकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से योजनाओं/गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते है। पूर्व में ग्राम स्तर पर संचालित कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ÷सहयोगिनी मातृ समिति का गठन किया गया था। वर्तमान में मैदानी स्तर की परिस्थितियों, योजनाओं के स्वरूप में परिवर्तन को देखते हुए आँगनवाड़ी केन्द्रों पर सहयोगिनी मातृ समिति का पुनर्गठन किया जा रहा है। संचालक महिला बाल विकास श्रीमती स्वाती मीणा नायक ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत आँगनवाड़ी केन्द्र की गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के लिए सतर्कता समिति एवं सोशल ऑडिट व्यवस्था प्रावधानित है। मातृ सहयोगी समिति इस प्रयोजन के लिए सतर्कता समिति के रूप में कार्य करेगी। **समिति का स्वरूप**-श्रीमती स्वाति मीणा नायक ने बताया कि प्रत्येक आँगनवाड़ी केन्द्र पर दस सदस्यीय एक मातृ सहयोगिनी समिति होगी। जिसका चयन वार्ड, ग्राम, टोले, मजरे, फलिये आदि के चयनित सदस्यों की उप-समिति में से किया जायेगा। आँगनवाड़ी के हितग्राही (गर्भवती एवं धात्री) अथवा बच्चों के परिवार की महिला सदस्य को नामांकित किया जायेगा। गाँव के पंच (प्राथमिकता महिला पंच) वार्ड की पार्षद, ऐसी सक्रिय महिला जो स्वेच्छा से अपनी सहयोग देगी, ग्राम/शहरी क्षेत्र की संबंधित शालाओं के शिक्षक, वार्ड स्तरीय अन्य विभागीय समितियों की महिला सदस्य, स्व-सहायता समूह की महिला अध्यक्ष को तीन वर्ष की अवधि के लिए नामांकित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जन्म से 6 वर्ष आयु तक के बच्चों की माता को एक वर्ष के लिए समिति से जोड़ा जायेगा। साथ ही किशोरी बालिका (11 से 17 वर्ष) की माता और 19 से 45 आयु वर्ग की महिलाओं को भी एक वर्ष की अवधि के लिए समिति में नामांकित किया जायेगा। **सेक्टर पर्यवेक्षक होंगे प्राधिकृत अधिकारी**-सहयोगिनी मातृ समिति/ उप समिति के सदस्यों के चयन के लिए संबंधित क्षेत्र की सेक्टर पर्यवेक्षक प्राधिकृत अधिकारी होंगी। समिति का गठन कर पर्यवेक्षक द्वारा इसकी सूचना बाल विकास अधिकारी को दी जाएगी। बाल विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं संभागीय संयुक्त संचालक अपने कार्य क्षेत्रों में समिति गठन कार्यवाही के उत्तरदायी होंगे। **उप समिति का स्वरूप**-वार्ड/मोहल्ला, टोले/ मजरे/ फलिया स्तर पर उप समिति गठित की जायेगी। चयनित सदस्यों में से एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में चयनित किया जायेगा। समिति के सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। संचालक श्रीमती नायक ने बताया कि आँगनवाड़ी सेवा अन्तर्गत प्रदाय किए जाने वाले पूरक पोषण आहार की निगरानी के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधान अनुसार यह समिति सतर्कता समिति के रूप में कार्य करेगी। सतर्कता समिति द्वारा पूरक पोषण आहार, टेक होम राशन, स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदाय कि जाने वाली नाश्ता, भोजन एवं कुपोषित बच्चों के लिए थर्ड मील की निरंतरता और गुणवत्ता की निगरानी एवं सुझाव और मार्गदर्शन का कार्य सम्पादित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त समिति टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जाँच, समुदाय आधारित गतिविधियों के आयोजन में सहयोग, कुपोषित/गंभीर कुपोषित बच्चों की देखभाल एवं पोषण स्तर की निगरानी का कार्य करेगी।

## अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया जी की सराहनीय पहल...

### रोड पर ठेलो व फुटपाथ पर दुकाने लगाकर होरही ट्रैफिक जाम की समस्या से जल्द मिलेगी राहत...



**केशब पडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** आज एसडीएम राजीव समाधिया व एसडीओपी अशोक सिंह यादव व तहसीलदार सर्वेश यादव एवं नगर पालिका की ओर से सब इंजीनियर केके दीक्षित के द्वारा बाजार में ठेलो के कारण होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थाई समाधान हेतु शहर के विभिन्न इलाकों में खाली पड़ी शासकीय भूमि का मुआयना किया गया जिसमें पुराने थाने के पास की भूमि ,उसेद रोड पर शासकीय भूमि, चंबल कॉलोनी के पीछे की शासकीय भूमि, एवं गल्ला मंडी मे स्थानों का भ्रमण किया गया एवं फल सब्जी एवं मिठाई अर्थात गुण के ठेले वालों को शिफ्ट करने की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की गई एसडीएम राजीव समाधिया के द्वारा नगर पालिका को उक्त स्थानों की साफ-सफाई के निर्देश दिए गये।

## पिछोर के ग्राम गरेठा पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

### लाठियों से पीट पीटकर की निर्मम हत्या, मौत के बाद मृतिका की आंखें निकालीं



**पिछोर।** मामला जिले के पिछोर थाना अंतर्गत ग्राम गरेठा का हैं जहां एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी को लाठी व धारदार हथियार से प्रहार करके मौत के घाट उतार दिया और हत्या के बाद मृतिका की आंखे निकाल लीं। जानकारी के अनुसार पिछोर थाना अंतर्गत ग्राम गरेठा में सोमवार मंगलवार की रात्रि को आरोपी पति रामेश्वर लोधी ने लाठियों पीट पीटकर से अपनी पत्नी रुक्मणि लोधी (उम्र 30 वर्ष ) की हत्या कर दी। बताया जा रहा है पिछले काफी समय से पति पत्नी में विवाद चल रहा था जिससे सोमवार मंगलवार की रात्रि में पति ने पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्ट मार्डम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।वहीं मृतिका के मायके पक्ष के लोगों का कहना है पति का किसी दूसरी महिला से प्रेम प्रसंग था इसी बजह से हमारी बेटी की हत्या की है।

# तहसील अटेर ग्राम पंचायत स्यावली सरपंच सेक्रेटरी द्वारा लाखों रुपए का किया घोटाला

**अनिल पाराशर पुष्पांजलि टुडे**

तहसील अटेर की ग्राम पंचायत स्यावली उससे जुड़े दो मजरे बघेडी महेवा मैं पूरे 5 साल हो गए लेकिन सरपंच सेकेट्री ने ग्राम पंचायत में कोई काम नहीं किया सारे काम कागजों में किए गए हैं गांव में एक रोड है जो कि आदर्श पावई से होती हुई मसूरी तक जाना है उसका एस्टीमेट बना कर रखा हुआ है लेकिन सरपंच सेक्रेटरी द्वारा डाली नहीं गई उस रोड का वह हाल हो गया है जो की नाले में तब्दील हो गई है वहां की जनता पानी कीचड़ मैं निकल कर आ रही है सेक्रेटरी से बात करना चाहिए सेक्रेटरी ने अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए सरपंच को मरा बता दिया आवास योजना शौचालय योजना नरेला योजना पंच परमेश्वर योजना सारे मद में पैसे आते हुए उसने कागजों में काम किया है गांव की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है जनता ने अपनी मुंह जवानी कैमरे के सामने बोल है स्थिति वह हो गई है यहां की जनता आक्रोशित है सब जगह शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई इस रोड की नहीं हो सकी एसडीएम साहब आए थे उन्होंने जनता को आश्वस्त किया दो-तीन दिन में काम



चालू करा देंगे लेकिन नहीं हुआ इस बात की शिकायत 181 पर भी डली हुई है जन्डेल सिंह भदोरिया कौशलेंद्र लोकेंद्र राम लखन ऐसे तमाम लोग गांव के परेशान हैं शौचालय जैसी योजनाएं लाखों रुपए का चूना लगाया बीपीएल नरेला योजना के जॉब कार्ड ग्राम पंचायत सरपंच सेक्रेटरी खुद रखे हुए हैं और जनता को कोई पता नहीं है कि हमारे जॉब कार्ड बने हुए हैं कि नहीं पंचायत भवन की तो वह स्थिति हो गई है भैंस से लौट रही हैं खिड़की टूटी पड़ी है उसमें असामाजिक तत्व नशा पत्ती करते हुए देखते हैं दारू की बोतलें पड़ी हुई है ऐसे ही ग्राम पंचायत स्यावली मे मरघट की स्थिति है ऐसी बनी हुई है उस पर घास जमी हुई है उसकी वॉल बाउंड्री है बोल बाउंड्री के नाम से भी पैसा खा लिया गया है यह जांच का विषय है शासन अपनी आंखें खोलें और गांव में जाकर के देखें जबकि शासन में सिस्टम बनाया हुआ है जिला पंचायत सीईओ जनपद सीईओ जितेन जनपद सीईओ आंखें बंद करके बैठे हुए हैं गांव में बिजली की भी समस्या बहुत तगड़ी है पांच डीपी स्वीकृत की गई है लेकिन दो डीपी 25 पावर की रखी गई वह भी फुकी पड़ी हुई है बिजली विभाग बिल लगातार जनता को दे रही है वहां की गरीब जनता कहां से बिल भरे बहुत से लोग बेरोजगार हैं जबकि शासन को देखना चाहिए शिकायत आने पर उस पर कार्रवाई करना चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है ग्रामवासी कई बार एसडीएम अटेर एवं बिजली विभाग जाकर के अपनी समस्या अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**अनिल पाराशर पुष्पांजलि टुडे**

आज भिंड पुरानी बस्ती बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की श ुरुआत कार्यक्रम संयोजक सुनील वाल्मीकि मध्य प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य जब हम किसी भी महापुरुष की पूर्ण तिथि या जन्मदिन मनाते हैं तो उन महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलने चाहिए,जो उन्होंने अपने जीवन में जो संघर्ष और समाज को जो नई दिशा और दशा दी है उस पर समाज को चल कर आगे बढ़ना चाहिए तभी हमारा राष्ट्र समाज का विकास हो सकता है तभी हम बाबा साहब के सपनों का भारत समृद्ध भारत शक्तिशाली भारत संपूर्ण समरसता भारत सभी को समान अधिकार भारत भारत का विश्व में परचम लहराए ऐसी कल्पना डॉक्टर बी आर अंबेडकर ने भारत के विकास और भारत के भविष्य निर्माण के लिए अपने जीवन भर संघर्ष और समाज



और देश हित में काम करते रहे उन्होंने अपने परिवार को भी त्याग कर संपूर्ण राष्ट्र को समर्पित होकर एक राष्ट्र भावना से ओतप्रोत होकर हमारा भारत सशक्त भारत बने इसके लिए दिन और रात डॉक्टर बी आर अंबेडकर काम करते रहे डॉ बी आर अंबेडकर ने महिलाओं के लिए दलित शोषित पिछड़ा एवं आम भारतीय नागरिक के लिए हर क्षेत्र में भारत के विकास के लिए काम किया है ऐसे डॉक्टर बी आर अंबेडकर को हमारी श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके हुए बताए मार्ग पर हमारा राष्ट्र चले और राष्ट्र का संपूर्ण विकास हो जिससे हमारा गौरवशाली इतिहास में स्थापित हो भारत का विश्व में कीर्तिमान स्थापित हो ऐसे अंबेडकर थे जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया जो विश्व का सबसे बड़ा संविधान और सबसे अच्छा संविधान स्थापित हुआ इसी से अन्य देशों में भी सीखा और अपनी भारत जय संविधान निर्माण करने का निर्णय लिया अंबेडकर को हम सभी मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और डॉक्टर बी आर अंबेडकर के चरणों में नमन करते हैं इस मौके पर राजेश्वरी वाल्मीकि अमन राम कुमार श्रीवास बलवीर बघेल धर्मेंद्र शर्मा नरेंद्र भदोरिया मनीष बंटी जितेंद्र अमरदीप राकेश पात्रे बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

अन्नदाता जब सड़क पे आये, समझो विकट समस्या है
मांगे पूरी क्यों नहीं होती, इसमें भी कोई रहस्य है
कांग्रेस हो या बी जे पी,सभी दिखावा करते हैं
किसान का झूठा हितैषी,होने का दम भरते हैं
किसान से अगर हमदर्दी होती, तुम यूँ उन पर राजनीति न करते
कर्ज के बोझ में दबे हुए,हर साल बेचारे किसान न मरते
मार्किट में हर वस्तु पर जब,पूरा रेट लिखा जाता है
किसान से पांच रूपये में खरीदा टमाटर
फिर अस्सी रुपये में कैसे बेचा जाता है
किसान के हिस्से कुछ नहीं आता,पूरा साल खेत में कमाता है
जोंक की तरह चिपका बिचौलिया,सारा माल खा जाता है
तरस आता है अन्नदाता जब,धूप में पसीना बहाता है
ए सी में बैठने वालों को,यह सब समझ नहीं आता है
किसान देता सबको रोटी,हमदर्दी नहीं सरकार दिखाती है
उनके जायज़ हक उनको,फिर क्यों नहीं दिलवाती है
कानून अगर बना दिया तो,वह भी वापिस हो जाता है
लेकिन अहंकार इस समस्या के,हल के बीच में आता है
अहंकार का त्याग करो तब,नव भारत निर्माण होगा
किसान अगर खुशहाल रहेगा,तभी तो भारत भी खुशहाल होगा

**रवींद्र कुमार शर्मा**
**घुमारवीं**
**जिला बिलासपुर हि प्र**



## जनपद एटा में भी भारत बंद का असर नहीं दिख रहा है, सुबह 09 बजे से खुल गया बाजार

जिला मजिस्ट्रेट सुखलाल भारती एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण जनपद में प्रशासन एवं पुलिस पूर्ण रूप से मुस्तै मुख्य बाजार सहित सब्जी, फल, दुकानों, बस स्टैण्ड पर दिख रही है रौनक डीएम, एसएसपी, एडीएम, एएसपी सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण लगातार भ्रमण करके ले रहे हैं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा डीएम, एसएसपी ने मंडी समिति, शहर के प्रमुख चौराहों एवं बाजारों मैं भृमण कर तैनात पुलिस बल को दिए पूर्ण मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश।



## मध्य प्रदेश किसान सभा ने किसान आंदोलन के समर्थन में बाजार बंद कराया

**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद!** दिल्ली में कृषि विरोधी कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी बंद के तहत मध्य प्रदेश किसान सभा कार्यकर्ताओं ने गोहद में रैली निकाली एवं व्यापारी दुकानदार भाइयों से बंद किए जाने की अपील की सुबह 9ः00 बजे किसान सभा पदाधिकारी अपने झंडे लेकर बस स्टैंड पर एकत्रित हुए वहां से बाजार होते हुए गोहद के गोलंबर पर पहुंचे इस मौके पर गोलंबर पर धरना दिया एवं सभा आयोजित की सभा को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष किसान नेता प्रेम नारायण माहौर ने संबोधित किया उन्होंने अपने संबोधन में इन काले कानूनों को वापस लेने की मांग की और कहा कि अगर यह कानून वापस नहीं हुए तो किसान पूरी तरीके से तबाह हो जाएगा प्रदर्शनकारियों को किसान नेता राजेश शर्मा ने भी संबोधित किया और कहा कि काले कानून वापस नहीं हुए तो आंदोलन तेज किया जाएगा सभा को नारायण शर्मा रशीद खान ने भी संबोधित किया इस मौके पर उपस्थित किसान नेता संतोष सिंह पटेल ने आंदोलनकारियों को सहयोग का आश्वासन दिया अंत में ओपी बाथम माकपा जिला सचिव ने समर्थन व्यक्त कर आंदोलन में सहयोग का आश्वासन दिया सभा को राजेंद्र कुशवाहा ने भी संबोधित किया इस मौके पर मुन्ना लाल कुशवाहा मुन्नालाल माहौर कीरत राम कुशवाह हरिशंकर माहौर बैजनाथ प्रजापति केशव प्रजापति कमलेश प्रजापति भगवान दास प्रजापति गंगा प्रसाद माहौर हरीशंकर जयसिंह माहौर हरज्ञान माहौर और अशफाक खान अनस खान दीवान सिंह असलम खान यूनिस खान आज किसान उपस्थित थे।



## प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानंद ने चैन्नई के विभिन्न क्षेत्रों के सघंठन के सदस्यों को आईडी कार्ड सुपुर्द कीये

**नारायणलाल सैणचा**

**चैन्नई।** तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द सघंठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आर पवनकुमार लुणवत ने अयापाक्कम ऐरीया पाडी ऐरीया विल्लीवाक्कम ऐरीया अयनावरम व्यासरवाडी ऐरीया पुरसवाकम पेरुम्बुर ऐरीया के सदस्यों कै सघंठन के आईडी कांड या नि सघंठन का परिचय पत्र इन क्षेत्रों के ऐरीया प्रभारीयो को सुपुर्द किया गया इन कार्यक्रमों मे स्वामी तेजानन्द के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष आर पवनकुमार लुणवत जैन जम्बुकुमार जैन जबरचन्द जैन सलवकुमार मुकेशकुमार भाटी उत्तमचन्द दोष जैनमनोज कुमार चोपडा जैन जितू मेहता मिटालाल राठौड़ राजेश पोकरणा सुभाष तालेडा महावीर समदडीया सघंठन के पट्टाभीराम एरिया अध्यक्ष पारसमल परमार जैन सचिव मोतीलाल उपाध्याय शर्मा कोषाध्यक्ष.जगदीश परिहार सीरवी मोजुद थे।

## 12 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का ऑनलाइन, ऑफलाइन आयोजन

**मुरैना।** कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने बताया कि जिले की समस्त तहसीलों में 12 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का ऑनलाइन, ऑफलाइन आयोजन किया जायेगा। 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम सम्बन्धी, श्रम, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, बैंक वसूली, प्रीलिटिगेशन एवं बैंकों के न्यायालय में लम्बित प्रकरण, धारा-138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउंस प्रकरण, कुटुंब न्यायालय, ग्राम न्यायालय, श्रम न्यायालय, नगर पालिक निगम, जल कर, सम्पत्ति कर वसूली सम्बन्धी लिटिगेशन प्रकरण, बीएसएनएल के बकाया बिल वसूली सम्बन्धी प्रीलिटिगेशन, बिजली बिल बकाया एवं बिजली चोरी सम्बन्धी प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

# किसान विरोधी कानून के विरोध में कांग्रेस एवं गठबंधन सरकार के कार्यकर्ता उतरे सड़क पर

**पुष्पांजली टुडे**

**साहिबगंज।** किसान विरोधी कानून के विरोध में विपक्षी कांग्रेस सहित सभी गठबंधन पार्टियां आज भारत बंद का आह्वान किया।इसका असर साहिबगंज में भी देखने को मिला।जिले के विभिन्न प्रखंडों में कांग्रेस राजद,झामुमो के सभी कार्यकर्ता कार्यकर्ता सुबह से ही इस काले कानून को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए नारेबाजी कर रहे थे।बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा कृषि काला कानून का विरोध जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों को सताना बंद करे और काला कानून को वापस लिया जाए।कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुकूल चंद्र मिश्रा ने कहा की जब तक किसानों का काला कानून वापस नहीं होगा।तब तक हम लोग आंदोलन करते रहेंगे। राजद के जिला अध्यक्ष सत्य नारायन यादव ने कहा कि केंद्र



सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है,नीतिगत तरीके से किसानों के बीजों को ना बेचकर औने पौने दामों में बेचने का काम कर रही है।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता सुबह से सड़क पर उतरे और भारत बंद का समर्थन किया।बन्द को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा को देखते हुए विभिन्न चौक चौराहा पर पुलिस बल की तैनाती की गई।बन्दी के दौरान झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, शिवसेना के नेता मुरलीधर तिवारी, सीपीआई नेता श्याम सुंदर पोद्दार,कांग्रेस नेता अनिल ओझा, अशोक पासवान, एखलाख नदीम, मो जियाउल हक, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिता देवी, महेंद्र पासवान मो कलीमुद्दीन, बास्की यादव, बांझी पंचायत की मुखिया स्टीफन मुर्मू सहित महागठबंधन के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

VISION 2030
ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती
जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221





# इसी सप्ताह से खुलेंगे कक्षा 9वीं से 12वीं तक के स्कूल, तैयारी शुरू

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में कोरोना महामारी के चलते पिछले लगभग 8 महीनों से बंद चल रहे निजी व सरकारी हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों के लिए अच्छी खबर है।मध्यप्रदेश के सभी निजी व सरकारी हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों में नियमित कक्षाएं इसी हफ्ते शुरू हो जाएंगी। स्कूलों के मामलों को लेकर स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार मंगलवार को मंत्रालय में निजी स्कूल संचालकों की बैठक लेंगे। इसके लिए स्कूल संचालकों के रजिस्टर्ड संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाया गया है। सोसायटी फार प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स के प्रदेशाध्यक्ष डा.आशीष चटर्जी ने बताया कि दोपहर 3:30 बजे मंत्रालय स्थित रुम नंबर 116 में बैठक होगी। इसमें निजी स्कूल संचालकों के संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। मध्यप्रदेश अशासकीय विद्यालय संचालक मंच ने 14 दिसंबर से आंदोलन का ऐलान भी किया है। डीईओ नितिन सक्सेना ने बताया कि संभागायुक्त के निर्देश पर राजधानी के सरकारी स्कूलों में भी रंगाई- पुताई और सफाई का काम जारी है। इससे पूर्व कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के शंका समाधान के लिए स्कूल नियमित रूप से पूरे निर्धारित समय तक के लिए खुले रहने की व्यवस्था की गई थी जिसमे छात्र अभिभावक की सहमति से शंका समाधान एवं मार्गदर्शन के लिए विद्यालय आ सकते थे।

## हरदोई मे खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार, तीन की मौत, पांच घायल

हरदोई। यह हादसा कोतवाली से लगभग 8 किमी दूर फोरलेन पर सरदार नगर गांव में स्थित सैनिक पेट्रोल पंप और प्राइमरी विद्यालय के बीच हुआ। यहां कार सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। कार में कुल 8 लोग सवार थे, जो मलिहाबाद से वापस अपने घर शाहजहांपुर की ओर जा रहे थे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस को जैसे ही यह सूचना मिली एसएसआई रामलखन, एसआई देवेंद्र सिंह, एसआई सुनील सिंह, एसआई ज्ञानेश दुबे और आरक्षी अरविंद यादव तुरंत मौके पर पहुंचे। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार से सभी घायलों को निकाले जाने के बाद पुलिस दल ने बुलाई गई एंबुलेंस के जरिए उन्हें तुरंत सीएचसी भेजा। यहां मौजूद डॉ रिजवान और उनकी टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मरने वालों में कटरा शाहजहांपुर के देवेंद्र, सूबेदार और मीरानपुर कटरा के रहने वाले अखिलेश शामिल है। हादसे के बाद यातायात सामान्य कराने के लिए पिछले 12 घंटे से पुलिस अभी भी जूझ रही है। कोतवाल शिवशंकर सिंह पुलिस बल के साथ खुद भी वाहनों को इधर से उधर कराते नजर आए। घने कोहरे के कारण थोड़ी थोड़ी दूर पर कहीं ट्रक कहीं बस तो कहीं डीसीएम और अन्य कई वाहन भी आगे पीछे आमने-सामने टकराए। कुछ अन्य लोग भी जख्मी हुए जो किन्ही वाहनों के सहारे शाहाबाद सीएचसी न आकर स्वयं इधर उधर चले गए।

### एमएएनआईटी में कैंपस प्लेसमेंट पर कोरोना की मार

# 20 लाख घट गया बेस्ट पैकेज

**भोपाल।** जॉब प्लेसमेंट पर कोरोना का बड़ा प्रभाव पड़ा है। इस बार मैनिट में माइक्रोसॉफ्ट, लुईस, सर्विस नाऊ, जमेटो, फ्लिपकार्ट, सेमसंग, नोकिया जैसी कंपनियां प्लेसमेंट के लिए नहीं आई हैं। वहीं 1200 में से 222 स्टूडेंट्स ही कंपनियों में प्लेसमेंट हो पाए हैं। इसमें पीपीओ (प्री-प्लेसमेंट ऑफर) पर प्लेस्ड स्टूडेंट भी शामिल हैं। इस बार अब तक अधिकतम 27 लाख सालाना पैकेज रहा है। जबकि पिछले साल का अधिकतम पैकेज 47 लाख था। वहीं जो कंपनियां पिछले साल तक 10 छात्र को जॉब ऑफर करती थीं, वह इस बार 2 से 3 छात्र को ही चयन कर रहीं हैं। पिछले साल 650 प्लेसमेंट हुए थे। मैनिट में अब तक



करीब 50 कंपनियां ही आ सकी हैं। जिन्होंने 222 स्टूडेंट्स का चयन वर्चुअल प्लेसमेंट एक्टिवटी के माध्यम से किया है। पिछले साल अब तक 650 से अधिक स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. अरुणा सक्सेना का कहना है कि कोरोना का बहुत असर हुआ है। इस बार प्लेसमेंट 25 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच सका है। इसकी वजह यह है कि बड़ी कंपनियों ने प्लेसमेंट गतिविधियां रोक रखी हैं। हालांकि ऐसा सिर्फ मैनिट के मामले में नहीं है। अन्य इंस्टीट्यूट में भी कंपनियां नहीं पहुंच रही हैं। छात्रों को सही सलाह दे रहे हैं, उन्हें वर्तमान में न्यूनतम पैकेज पर भी जॉब मिल रही है तो उस अवसर को नहीं छोड़ें। कंपनियों के एचआर मैनेजर से लगातार संपर्क किया जा रहा है। अभी तक जो कंपनियां नहीं आई हैं उनसे मार्च तक आने की उम्मीद है।

## भारत बंद: इंदौर में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे दिग्विजय सिंह



**इंदौर।** राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह मंगलवार को भारत बंद के दौरान मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव ने सोमवार को बताया कि सिंह बंद के दौरान शहर की छावनी अनाज मंडी में पार्टी के प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान केंद्र के नए कृषि कानूनों को लेकर विरोध जताया जाएगा। शहर के प्रमुख कारोबारी संगठनों ने हालांकि भारत बंद को खुलकर समर्थन नहीं दिया है। लेकिन बंद की पूर्व संध्या पर सोमवार को यहां रोजमर्रा की जरुरत की चीजों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी गई। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रवक्ता आशीष भैरम ने बताया कि उनका संगठन भारत बंद के दौरान शहर में रैली निकालकर व्यापारियों से अनुरोध करेगा कि वे किसानों के हितों के समर्थन में मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शहर में भारत बंद के दौरान हालात पर पैनी नजर रखी जाएगी और किसी भी अप्रिय स्थिति से सख्ती से निपटा जाएगा।

# भारत बंद: खुली रहेंगी भोपाल समेत प्रदेश की 255 मंडियां, अब तक कोई नहीं आया समर्थन में

**भोपाल (मप्र)।** 8 दिसंबर के भारत बंद में मप्र के ट्रांसपोर्ट और पुराने भोपाल का थोक किराना बाजार खुला रहेगा। अभी तक किसी भी व्यापारी संगठन ने बंद का समर्थन नहीं किया है। संगठनों का कहना है कि बंद करने को लेकर अभी तक चर्चा ही नहीं हुई है और न ही किसी ने संपर्क ही किया है। इधर, कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का भी कहना है कि इसका असर शहरों में नहीं बल्कि गांव में देखा जाएगा। अब तक बंद जैसी कोई बात नहीं की गई है। भोपाल के गल्ला मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी ने बताया कि मंडी बंद नहीं रहेगी, लेकिन हम किसानों की मांगों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा मंडी एक्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि मंडी बंद करने के लिए कम से कम 72 घंटे पहले सूचना देनी होती है, ताकि यहां आने वाले किसानों को किसी तरह की परेशानी ना हो। इसलिए भोपाल समेत प्रदेश की 255 मंडियों में नियमित काम चलेगा, लेकिन वाणिज्यिक कार्य नहीं होंगे। इसका असर किसानों और आम लोगों पर नहीं पड़ेगा। मंडी एसोसिएशन पूरी तरह से किसानों के समर्थन में है। हम भी बिल में संशोधन चाहते है। जैसे टैक्स एक समान होना चाहिए। अगर बाहर टैक्स फ्री है, तो मंडी में भी टैक्स फ्री होना चाहिए और मंडी में टैक्स है तो बाहर भी टैक्स लगाया जाना चाहिए। इस तरह की कुछ मांगों के समर्थन में हम हैं, लेकिन काम चलता रहेगा। मध्य प्रदेश में इसका ज्यादा असर नहीं होगा।

**पुराने भोपाल के थोक किराना बाजार खुले रहेंगे, व्यापारी महासंघ**–किराना व्यापारी महासंघ के महासचिव अनुपम अग्रवाल ने बताया कि अभी तक किसी भी संगठन ने हमसे समर्थन नही मांगा है। हमारी संस्था के नियम के अनुसार किसी भी प्रकार के बंद के लिए 72 घंटे पूर्व यदि आवेदन पत्र आता है तो हमारी कार्यसमिति में तय होने के उपरांत ही निर्णय लिया जाता है।



**बिल में संशोधन की जरूरत है- पूर्व मंडी अध्यक्ष**–पूर्व मंडी अध्यक्ष भागीरथ पाटीदार ने कहा कि कृषि कानून में कोई खराबी नहीं है, लेकिन इसमें कुछ संशोधन होना जरूरी है, नहीं तो यह बिल किसानों और मंडियों को बर्बाद कर देगा। इसमें व्यवस्था एक समान होनी चाहिए और किसानों की सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए। टैक्स जैसे मसले एक समान होंगे तभी यह व्यवस्था अच्छी रहेगी। सरकार को इसके बारे में सोचना होगा। मध्यप्रदेश में भारत बंद का असर नहीं होगा।

**अभी हमारा समर्थन नहीं- कैट**–कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रवक्ता विवेक साहू ने बताया कि मध्यप्रदेश में भारत बंद का असर नहीं होगा। कैट से जुड़े सभी संगठनों ने अब तक इसको लेकर कोई भी चर्चा नहीं हुई है। ना ही हमसे किसी ने संपर्क किया है। ऐसे में इसके समर्थन में जाने का सवाल ही नहीं उठता और ना ही बाजार बंद रहेंगे। अगर कोई संपर्क करता है, तो उसके बाद उस पर निर्णय लिया जाएगा।

**हमारी कोई योजना नहीं, एमएफसीजी**–एफएमसीजी भोपाल के महामंत्री मनीष अग्रवाल ने कहा कि अभी हमारी इस संबंध में कोई योजना नहीं है। ना ही किसान संगठन में से किसी ने संपर्क किया है। इसलिए हमारे संगठन सामान्य दिनों की तरह ही बाजार में दुकान खुलेगा और कार्य करेगा।

**संपर्क करने पर विचार किया जाएगा, व्यापारी संघ**–राजधानी कपड़ा व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष श्याम बाबू अग्रवाल ने कहा कि हम से अब तक किसी ने भी संपर्क नहीं किया है। इसलिए हमारा एसोसिएशन इसमें शामिल नहीं है। अगर कोई संपर्क करता है, तो फिर संगठन स्तर पर इस पर विचार किया जाएगा और उसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

**अभी बंद नहीं, मिष्ठान संघ**–मिष्ठान विक्रेता संघ भोपाल के महामंत्री मोहन शर्मा ने कहा कि संगठन की तरफ से अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ना ही किसी ने हमसे संपर्क किया है। इसलिए अभी जैसा काम चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा। अभी बंद नहीं है।

**हमारा समर्थन नहीं है- फेडरेशन कॉमर्स इंडस्ट्रीज**–मप्र फेडरेशन कॉमर्स इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएस गोस्वामी का कहना है कि हमारा किसान आंदोलन को किसी तरह का कोई समर्थन नहीं है। फेडरेशन ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज काम करती रहेगी।

# कृषि कानूनों पर राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे राहुल, पवार समेत विपक्षी दल के नेता

**नई दिल्ली।** केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में हजारों किसान पिछले 12 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। किसानों ने कानून के खिलाफ आज यानी मंगलवार (8 दिसंबर) को एक दिन के लिए भारत बंद का ऐलान किया है। पूरे देश में आज सुबह 11 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक भारत बंद बुलाया गया है। इसका असर अभी से ही देश के अलग-अलग हिस्सों में दिखने लगा है। बिहार से लेकर ओडिशा और महाराष्ट्र में ट्रेनें रोकी गई हैं। दिल्ली-एनसीआर में भी चक्का जाम शुरू हो गया है। किसानों के इस भारत बंद को कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सपा समेत देश की 18 राजनीतिक पार्टियों ने भी अपना समर्थन दिया है। भारत बंद के दौरान परिवहन सेवा से लेकर फल-सब्जी की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। केंद्र सरकार और किसानों के प्रतिनिधियों के बीच पांच दौर की वार्ता हो चुकी है, मगर अब तक कोई हल नहीं निकल सका है। इधर आम आमदी पार्टी ने दावा किया है कि दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल को नजरबंद कर लिया है, मगर पुलिस ने इस आरोप का खंडन किया है।



**राष्ट्रपति से मिलेंगे राहुल गांधी, पवार**–सीपीआई (मार्क्सवादी) नेता सीताराम येचुरी ने कहा, विपक्षी दलों का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल कल शाम 5 बजे राष्ट्रपति कोविंद से मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में राहुल गांधी, शरद पवार और अन्य शामिल होंगे। कोरोना प्रोटोकॉल के कारण, केवल 5 लोगों को उनसे मिलने की अनुमति दी गई है।

**आज के किसानों को बहुत जानकारी- कमलनाथ**–मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि क्या किसान बेवकूफ हैं कि वे इतनी संख्या में यहां इकट्ठा हुए हैं? 30 साल पहले और अब के किसानों में बहुत बड़ा अंतर है। किसानों को आज बहुत बेहतर जानकारी है।

**अमित शाह ने किसानों को वार्ता के लिए बुलाया**–कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों द्वारा बुलाए गए भारत बंद के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने किसान नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया है। किसान नेता राकेश टिकैत कुछ देर में दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**हरियाणा के पूर्व सीएम हुड्डा ने बोला हमला**–हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मैं मानता हूं कि कुछ सुधारों की जरूरत है। लेकिन ये कानून जो पारित किए गए हैं, इनमें सुधार नहीं दिखाई देते हैं। उन्हें संसदीय सत्र बुलाना चाहिए और इन पर चर्चा करनी चाहिए।

## 24 घंटे में 23 कोरोना संक्रमितों की मौत, 1824 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 संक्रमित 23 और लोगों की मौत हो गई तथा 1824 नए मरीजों में इस संक्रमण की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कोविड-19 संक्रमित 23 और लोगों की मौत के साथ प्रदेश में इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 7967 हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा चार मौत राजधानी लखनऊ में हुई हैं। इसके अलावा कानपुर नगर, वाराणसी, शाहजहांपुर, बस्ती में दो-दो तथा प्रयागराज, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, मुरादाबाद, लखीमपुर खीरी, जौनपुर, गोंडा, सोनभद्र, बिजनौर, फिरोजाबाद तथा बलरामपुर में कोविड-19 संक्रमित एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### बड़ोदरा में तैयार हो रहे आगरा मेट्रो के कोच

# वन नेशन वन कार्ड से भी कर सकेंगे सफर

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मंत्रालय के प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बताया कि आगरा मेट्रो में चलने वाले कोच बड़ोदरा (गुजरात) में तैयार हो रहे हैं। इन कोचों को एस्टर्म इंडिया कंपनी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इसको तैयार करने का काम भी शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन कार्ड से पूरे देश में कहीं भी सफर कर सकेंगे। साथ ही मेट्रो लाइट, मेट्रो वाटर और मेट्रो न्यू योजना की भी जल्द शुरुआत होगी।

मिश्र ने कहा कि मेट्रो पर पूरे देश में एक साथ काम चल रहा है। वर्ष 2022 में देश की 75वीं जयंती पर एक हजार किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में मेट्रो का नेटवर्क दिखने लगेगा। एक करोड़ लोग इनमें यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि पहले 12 करोड़ रुपए में एक कोच खरीदना पड़ता था, लेकिन अब भारत में ही इसका निर्माण होने लगा है। अब एक कोच आठ करोड़ रुपये में पड़ता है। उन्होंने बताया कि देश में मेट्रो, बसों और टोल प्लाजा पर एक ही कार्ड काम करेगा। ये पार्किंग में भी चलेगा। उन्होंने बताया कि मेट्रो वाटर चलाने का काम जून 2021 में शुरू हो जाएगा। 2022 में 72 किलोमीटर की वाटर मेट्रो चलनी शुरू हो जाएगी। मेट्रो लाइट का पिछले साल 2019 में शुभारंभ किया गया था। इसे इलाहाबाद और गोरखपुर जितनी आबादी वाले शहरों में शुरू करने की योजना है। एक किलोमीटर में एलीवेटेड बनाने पर 300 करोड़ और भूमिगत बनाने पर एक किलोमीटर में 600 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मेट्रो न्यू को 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में शुरू किया जाएगा। इसे टायरों पर चलाया जाएगा। इस पर एक किलोमीटर में 50 से 60 करोड़ रुपये का ही खर्च आएगा। वहीं प्रदेश के सात शहरों में 131 किलोमीटर मेट्रो लाइन का काम चल रहा है।

**ऑस्ट्रेलिया की मेट्रो में लिखा होगा 'मेड इन इंडिया'**–ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देशों में दौड़ने वाली मेट्रो पर 'मेड इन इंडिया' लिखा दिखेगा। प्रमुख सचिव ने बताया कि मिडिल ईस्ट और एशिया के कई अन्य देशों में भी भारत में बनी मेट्रो चलेगी। दरअसल भारत में प्लांट लगाकर मेट्रो का निर्माण करने वाली कंपनी अलस्टोम और बम्बार्डियर इंक ने अब यहीं से दूसरे देशों में भी मेट्रो निर्यात का फैसला किया है।



## आगरा में लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भाकियू का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प, चंदौली में रोकी ट्रेनें

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के बॉर्डर पर पिछले 12 दिनों से डटे प्रदर्शनकारी किसानों ने आज यानी मंगलवार को भारत बंद बुलाया है। उत्तर प्रदेश में भारत बंद का मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। किसानों के भारत बंद के समर्थन में विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ता जगह-जगह सड़क पर उतरे हैं। सपा के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशन के आउटर पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया। इसी तरह ग्वालियर से मडुवाडीह जाने वाली ट्रेन को भी बीच रास्ते में रोक दिया। वहीं, भारत बंद को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी दशा में कानून और शांति-व्यवस्था से समझौता न किया जाए।

## दबंगों ने घर में घुसकर युवक के हाथ-पैर तोड़े, फिर गांव के बाहर ले जाकर मार दी गोली

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में मंगलवार को दबंगों ने घर में घुसकर एक युवक के हाथ-पैर तोड़ दिये और बाद में उसे गांव के बाहर ले जाकर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तिलहर थाना क्षेत्र के राजूपुर गांव में रहने वाले राजीव कुमार (40) के घर में सुबह करीब 12 हमलावर घुस गये और उसे बुरी तरह मारा-पीटा। जब परिजन उसे बचाने आए तो हमलावरों ने हवाई फायरिंग करके उन्हें वापस जाने पर मजबूर कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने राजीव के दोनों हाथ और दोनों पैर तोड़ दिए। बाद में वह उसे मरणासन्न हालत में उठाकर गांव के बाहर ले गए जहां एक बाग में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने बताया कि उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बना दी है, जो लगातार दबिश दे रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे फिलहाल हालात के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## झांसी में टूटी मिली पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की मूर्ति, कांग्रेसियों ने जताया विरोध

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तीखा विरोध जताया। मंगलवार को किसान आंदोलन के समर्थन में निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इलाइट चौराहे पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की मूर्ति क्षतिग्रस्त दिखाई दी। इस पर कांग्रेसियों का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने वहां धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री आदित्य जैन ने आरोप लगाया कि किसी साजिश के तहत असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया है। उन्होंने मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने के लिए जिम्मेदार अराजक तत्वों के खिलाफ केस दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। कांग्रेस नेता ने चेतावनी दी कि नई मूर्ति आने तक उनका धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। इस बीच पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कांग्रेसियों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

### रेप के आरोपी कॉन्स्टेबल को बचाने के षड़यंत्रकारी

# दो आरक्षक गिरफ्तार, बर्खास्तगी की तैयारी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में शादी का झांसा देकर तीन साल तक युवती का यौन शोषण करने वाले दुष्कर्म के आरोपी पुलिस आरक्षक अजय अस्तेय को बचाने का षडयंत्र करने वाले उसके दो सहकर्मियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अब उनकी बर्खास्तगी की तैयारी चल रही है। डीएनए जांच में आरोपी अजय अस्तेय की जगह स्पर्म और ब्लड का नमूना देने पहुंचे बलराम सूर्यवंशी और षड़यंत्रकर्ता दो अन्य आरक्षकों घनश्याम और तबरेज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है। मुख्य आरोपी अजय पहले से ही जेल में है।

पुलिस ने बताया आरोपी अजय ने दुष्कर्म साबित होने से बचने के लिए नीलगंगा थाने में पदस्थ घनश्याम और महिला थाने के आरक्षक तबरेज के साथ मिलकर स्पर्म और ब्लड सैंपल बदलवाने का षड़यंत्र रचा। इसके लिए उन्होंने सैंपल देने के लिए अजय के रिश्तेदार बलराम सूर्यवंशी को बुलाया। जांच के लिए तैनात की गई एक महिला सब इंस्पेक्टर के अलर्ट रहने से यह मामला खुल गया कि सैंपल बदलवाने की कोशिश की गई है। मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद दोनों आरक्षकों और बलराम को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरक्षकों की बर्खास्तगी की तैयारी भी शुरू हो गई है।

**एसपी सत्येंद्र शुक्ल ने सिलसिलेवार दी जानकारी**–एसपी ने पूरे मामले में



सोमवार को खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी आरक्षक अजय अस्तेय को शनिवार को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल नीलगंगा थाने की सब इंस्पेक्टर हेमलता लेकर गई थीं। वहां पहले से ही महिला थाने का आरक्षक तबरेज और नीलगंगा थाने का आरक्षक घनश्याम मौजूद था। इनके अलावा आरोपी अजय का एक रिश्तेदार बलराम सूर्यवंशी भी वहां खड़ा था। वीर्य और खून के नमूने लेने के लिए जब डॉक्टर ने आरोपी को बुलाया तो घनश्याम और तबरेज ने अजय के बजाय बलराम को अंदर भेज दिया। डॉक्टर चूंकि अजय को पहचानते नहीं थे इसलिए बलराम को ही अजय मानकर उनके नमूने लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसी बीच एसआई हेमलता ने देखा कि आरोपी अजय तो बाहर ही खड़ा है तो अंदर नमूना देने कौन गया। हेमलता ने डॉक्टर से पूछा कि आप किसके नमूने ले रहे हैं तो जवाब दिया कि जिसे आप लेकर आई हैं। एसआई ने कहा कि यह तो आरोपी ही नहीं है। इतना सुनते ही डॉक्टर भड़क गए। एसआई ने भी इसकी जानकारी थाने के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी। इस तरह से मामला समय रहते खुल गया।

**बर्खास्तगी की कार्रवाई की तैयारी**–एसपी ने बताया कि उसी वक्त आरक्षक तबरेज व घनश्याम और बलराम सूर्यवंशी को हिरासत में ले लिया गया। जांच के बाद तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीनों को इसी मामले में मिथ्या साक्ष्य गढ़ने के आरोप में सह आरोपी बनाया गया है। आरक्षक तबरेज और घनश्याम की बर्खास्तगी के लिए तीन से चार दिन के भीतर पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

**तीन साल पहले ही हुए थे भर्ती**–मामला उन्हेल इलाके का है। यहां के न्यू अशोक नगर में एक युवती किराए के मकान में रहकर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही थी। लड़की की दोस्ती पड़ोस में रहने वाले कॉन्स्टेबल अजय अस्तेय से हुई। उसने युवती को शादी का सब्जबाग दिखाया और 3 साल तक उसका शोषण करता रहा। 4 दिसंबर को युवती को अजय की सगाई किसी अन्य लड़की से होने का पता चला तो कॉन्स्टेबल के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज करा दिया। केस दर्ज होने के कुछ ही घंटे बाद अजय को नागझिरी में शादी समारोह से लौटते समय गिरफ्तार कर लिया था।

## सम्पादकीय

### तेल की बढ़ती कीमतें

पेट्रोल की कीमत दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, तो यह अभी बहुत चिंता की न सही, लेकिन विचार की बात जरूर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले दिनों बैंक दरों में कोई बदलाव न करते हुए यह जाहिर कर दिया था कि वह बढ़ती महंगाई को रोकने के पक्ष में नहीं है और अब तेल कंपनियों द्वारा लगातार कीमत में बढ़ोतरी यह बता रही है कि केंद्र सरकार भी अभी महंगाई के प्रति गंभीर नहीं है। तभी तो लगातार छठे दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 83.71 रुपये प्रति लीटर हो गई। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अनुसार, डीजल की कीमत भी संशोधित करते हुए 73.87 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। दिल्ली में सितंबर 2018 में पेट्रोल-डीजल की कीमतें इसी ऊंचाई पर थीं। करीब दो महीने के बाद तेल कंपनियों ने 20 नवंबर से तेल की कीमतों में दैनिक संशोधन शुरू किया है और असर साफ दिख रहा है। पिछले 16 दिनों में ही पेट्रोल की कीमत 2.37 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 3.12 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है। गौर करने की बात है, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 90.34 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 80.51 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता व चेन्नई में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में दिल्ली के मुकाबले ज्यादा वृद्धि दिख रही है। सरकारी नीति के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम व हिन्दुस्तान पेट्रोलियम तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों और विदेशी विनिमय दर के आधार पर प्रतिदिन पेट्रोल व डीजल की दरों में संशोधन करती हैं। इन कंपनियों को दी गई इस ताकत के बावजूद केंद्र सरकार की अपनी भूमिका है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। वैसे आज सरकार के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाना मजबूरी भी है, क्योंकि कोरोना के समय में उसकी कमाई घटी है और विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों के लिए धन चाहिए। पेट्रोल-डीजल से मिलने वाले राजस्व से सरकार को बल मिलता है। चूंकि नया टैक्स लगाना आसान नहीं, उसमें अलोकप्रियता का खतरा होता है, इसलिए सरकार को पेट्रोल-डीजल के जरिए कमाई ज्यादा मुफीद लगती आई है। जैसे-जैसे पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं, वैसे-वैसे सरकार की कमाई भी बढ़ती है। किसानों और उत्पादकों को बल देने के लिए भी महंगाई को जरूरी बताया जा रहा है। कोरोना के प्रभाव में एक समय ऐसा आ गया था, जब रोजमर्रा के सामान की कीमतें घटने लगी थीं। खुदरा मूल्य अलाभकारी होने लगे थे। ऐसे में, महंगाई बढ़ने देना आर्थिक सुधार का एक उपाय है। हालांकि, यह विशेष चिंता का विषय है कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से असली उत्पादकों व किसानों को कितना लाभ होगा? इस पर सरकार को जरूर सोचना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत बढ़ने की वजह से तेल कंपनियों को मूल्य में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है। ऐसे में, सवाल बड़ा है, कीमत को कहां तक बढ़ने दिया जाएगा? पेट्रोल-डीजल की कीमत अगर ज्यादा बढ़ेगी, तो जाहिर है, महंगाई को सीधे बल मिलेगा, लेकिन सरकार को देखना होगा कि कोरोना व लॉकडाउन से त्रस्त लोग महंगाई को किस हद तक झेलने की स्थिति में हैं। लगे हाथ, सबको यह भी सोच लेना चाहिए कि भारत बंद से महंगाई घटेगी या बढ़ेगी।

# असंगठित किसानों के प्रति उदासीनता

भारत एक कृषि अर्थव्यवस्था है जो देश की प्रमुख आय का एक स्त्रोत है, लेकिन यह असंगठित क्षेत्र के लिए उन्मुख है जो देश की मुख्य समस्या है जिसने उसे गरीबी की जकड़ से उठने से रोक दिया है। असंगठित क्षेत्र होने के नाते, गरीब किसान जीवन जीने की कठोर परिस्थितियों से ग्रस्त हैं क्योंकि उन्हें 5 एकड़ से कम भूमि में खुद को समायोजित करना पड़ता है, जबकि अगर हम सरकार के नजरिए से देखें, तो देश के 80त्न से अधिक असिंचित क्षेत्र पर कब्जा है और इस तरह का कोई कानून कभी भी उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए नहीं किया गया है। हालांकि, एक बार हमारे पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ÷जय जवान, जय किसान÷ के हवाले से, लेकिन इसके बारे में खुश होना बहुत कम है क्योंकि वे जीवन की खतरनाक स्थितियों से जूझ रहे हैं चाहे वह मौसम की स्थिति या कठोर जैसी प्राकृतिक घटना हो। सरकार के कानून चाहे जो भी हों, वे दिन-रात काम करते हैं, जिसके लिए उन्हें इनपुट से भी कम मिलता है क्योंकि कानून आम तौर पर प्रतिष्ठानों के लिए होते हैं, इसलिए उस किसान के बारे में क्या जो संगठित नहीं है! उनके लिए कानून कहां हैं? उनके लिए लोकतंत्र, समानता कहां है? क्या उन्हें समाज से अलग माना जाता है? राष्ट्रीय उद्यम आयोग असंगठित क्षेत्र को ÷व्यक्तिगत या साझेदारी के आधार पर संचालित माल और सेवाओं की बिक्री या उत्पादन या दस कुल श्रमिकों से कम वाले व्यक्तियों या घरों के स्वामित्व वाले सभी असिंचित निजी उद्यमों से युक्त के रूप में परिभाषित करता है। आधुनिक दिनों में भारतीय किसानों की दुर्दशा का मूल कारण इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है-

**-नीतियों के कार्यान्वयन में कमी**
**-समस्याओं की कोई उचित पहचान नहीं**
**-किसानों के बीच असमानता**
**-असिंचित क्षेत्र**

एक असंगठित किसान की सबसे भयानक स्थिति यह है कि उनमें से 80त्न निम्न और सीमांत मानक के हैं और 5 एकड़ से कम भूमि पर निर्भर हैं। इसके अलावा, काम करने वाले किसान अशिक्षित, अनपढ़ हैं और अपने लिए रोजगार के कम विकल्प हैं। इस प्रकार, एक कृषि असंगठित क्षेत्र है, खेती, सिंचाई, कटाई, भंडारण, परिवहन और वेयर हाउसिंग में कोई व्यवस्थित योजना नहीं है। बार-बार होने वाली फसल की विफलता, कर्ज की परेशानी, वैकल्पिक स्त्रोतों की कमी और अत्यधिक ब्याज दर किसान को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करती है। अधिकांश आत्महत्याएं प्राकृतिक आपदाओं के बजाय मानव निर्मित नीतियों का परिणाम हैं। खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार, आय, जीवन और दुर्घटना जैसे असंगठित



क्षेत्र की खानपान की जरूरतें, और वृद्धावस्था भारत में एक परी कथा बनी हुई है। यद्यपि उसे कृषि अर्थव्यवस्था के रूप में माना जाता है, लेकिन कोई भी इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि यह एक असंगठित कृषि अर्थव्यवस्था है जहां सरकार द्वारा संकट अप्राप्य हो जाता है। जो महिलाएं सार्वजनिक रूप से नहीं खुलती हैं और किसी घर में काम करती हैं, वे पुरुष, ऑटो विक्रेता आदि सभी असंगठित श्रमिक की श्रेणी में आते हैं जो दिन-रात काम करते हैं लेकिन बिखरे हुए और असंगठित होने के कारण उन्हें भाग के रूप में अवहेलना होने की संभावना है। अन्य कॉरपोरेट किसान जो औपचारिक क्षेत्र के तहत काम करते हैं, इस प्रकार अनपढ़ होने के नोट पर वे कम वेतन के अधीन होते हैं और यह भी कि चूंकि उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जानकारी नहीं होती है, इसलिए वे इनपुट से अधिक लाभ उठाकर सरकार द्वारा उनका दुरुपयोग करते हैं। इस प्रकार, समस्याओं को हल करने के लिए, सरकार को निम्नलिखित कार्य करने होंगे।

**किसानों को प्रशिक्षित करना**-देश की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए शहरीकरण और बड़े उत्पादन के कारण बेहतर उत्पादकता के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों के आधुनिक तरीकों के साथ किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए और विभिन्न प्रकार के उत्पादों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बाजार में उपलब्ध है।

**ऋण प्रक्रिया को सरल बनाना**-चूंकि आम तौर पर किसान अशिक्षित और निरक्षर होते हैं, वे ऋण लेने के लिए बैंक की प्रक्रियाओं का पालन करने में संकोच करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे ऋण के लिए जमींदारों से संपर्क करते हैं और वे गरीब किसान की आग्रहपूर्ण जरूरतों को देखते हुए उन्हें उनकी इच्छा के अनुसार और बदले में उन्हें देते हैं। वे आत्महत्या करने के परिणाम से वापस नहीं लौट सके। इसलिए, बैंकों को उन्हें लाभ और औपचारिक प्रक्रिया समझाने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना चाहिए।

**बिचौलिए की भूमिका को कम से कम**-औपचारिक क्षेत्र हैं जो किसानों, कृषक, महिला कामगारों आदि को रोजगार दे रहे हैं, इसलिए बिचौलिया पर निर्भर होना चाहिए, जो वैध नहीं है और दूसरा यह गैर-राजनीतिक है जहां परिलक्षित लाभ वास्तविकता नहीं हो सकता है।

**ई-बाजार तक पहुंच**-प्रौद्योगिकी में तेजी के कारण और किसानों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले तेजी से उपायों के कारण सरकार द्वारा किसानों को आसानी से ऑनलाइन दुनिया भर में विभिन्न उत्पादों की दरों के साथ प्रदान करने के लिए ई-बाजार स्थापित किए गए हैं। ताकि उनके पास यह डेटा हो सके कि किस दर से कितनी कीमत है।

**सलिल सरोज**
**नई दिल्ली**

## अन्नदाता जब सड़क पे आये, समझो विकट समस्या है

मांगे पूरी क्यों नहीं होती, इसमें भी कोई रहस्य है
कांग्रेस हो या बी जे पी,सभी दिखावा करते हैं
किसान का झूठा हितैषी,होने का दम भरते हैं
किसान से अगर हमदर्दी होती,तुम यूँ उन पर राजनीति न करते
कर्ज के बोझ में दबे हुए,हर साल बेचारे किसान न मरते
मार्किट में हर वस्तु पर जब,पूरा रेट लिखा जाता है
किसान से पांच रूपये में खरीदा टमाटर
फिर अस्सी रुपये में कैसे बेचा जाता है
किसान के हिस्से कुछ नहीं आता,पूरा साल खेत में कमाता है
जोंक की तरह चिपका बिचौलिया,सारा माल खा जाता है
तरस आता है अन्नदाता जब,धूप में पसीना बहाता है
ए सी में बैठने वालों को,यह सब समझ नहीं आता है
किसान देता सबको रोटी,हमदर्दी नहीं सरकार दिखाती है
उनके जायज़ हक उनको,फिर क्यों नहीं दिलवाती है
कानून अगर बना दिया तो,वह भी वापिस हो जाता है
लेकिन अहंकार इस समस्या के,हल के बीच में आता है
अहंकार का त्याग करो तब,नव भारत निर्माण होगा
किसान अगर खुशहाल रहेगा,तभी तो भारत भी खुशहाल होगा

**रवींद्र कुमार शर्मा**



**घुमारवीं**
**जिला बिलासपुर हि प्र.**

# किसान आंदोलन : कृषि कानून के मद्देनजर किसानों की परीक्षा की घड़ी

आंदोलनकारी किसानों को मनाने के लिए बीच का रास्ता तलाश रही केंद्र सरकार ने अब तीनों विवादित कृषि कानूनों में से एक को वापस लेने और बाकी दो कानूनों में आवश्यक संशोधन करने पर विचार शुरू कर दिया है। किसान ख़ासतौर से इस बात पर ज़ोर देते हैं कि नई व्यवस्था में मंडी और एमएसपी (मिनिमम सपोर्ट प्राइस) प्रणाली ख़त्म कर दी जाएगी और सरकार उनसे गेहूं और चावल लेना बंद कर देगी। उन्हें ख़तरा इस बात से है कि उन्हें अपना माल प्राइवेट कंपनियों और बड़े कॉर्पोरेट घरानों को बेचना पड़ेगा जो उनका शोषण कर सकते हैं. लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें यक़ीन दिलाया है कि ये प्रणाली चलती रहेगी और किसानों को चिंता करने की बिल्कुल ज़रूरत नहीं है। पांच दौर की असफल बैठकों के बाद केंद्र सरकार ने सोमवार को किसान संगठनों को एक और मसौदा सौंपा था, जिसमें किसानों की तीनों कानूनों को लेकर जताई आपत्तियों को विभिन्न संशोधनों के जरिए हल करने की बात कही गई। हालांकि किसान संगठनों ने इस मसौदे का कोई लिखित उत्तर केंद्र को नहीं भेजा लेकिन यह भी साफ कर दिया कि तीनों कानून रद्द किए जाने से कम कोई भी प्रस्ताव उन्हें मंजूर नहीं है। किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के साथ नौ दिसंबर को छठे दौर की बैठक को भी अधिक महत्व न देते हुए आठ दिसंबर के भारत बंद का एलान कर दिया। किसान संगठनों के इसी रुख को देखते हुए केंद्र सरकार ने नए सिरे से मामला सुलझाने पर विचार शुरू किया है। भाजपा के सूत्रों के अनुसार, इस मामले में केंद्र सरकार किसी भी स्तर पर खुद को किसानों के आगे नहीं झुकाएगी लेकिन इस आंदोलन को जल्दी समाप्त करने के लिए बीच का रास्ता तलाशने को मंथन जारी है। इसी के तहत अब केंद्र सरकार तीनों कानूनों- कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) कानून, आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून, मूल्य आश्वासन व कृषि सेवाओं पर किसान (सशक्तीकरण और संरक्षण) समझौता कानून, में से कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य कानून को वापस लेकर इसे नए सिरे से तैयार करने पर विचार कर रही है।

दरअसल, किसानों द्वारा एमएसपी (एमएसपी) की गारंटी को मुख्य तौर पर उठाया गया है और केंद्र सरकार अब यह मान रही है कि अगर एमएसपी की गारंटी वाले कानून को कुछ देर के लिए वापस ले लिया जाए तो किसानों का आंदोलन शांत किया जा



सकता है। ऐसा करने से जहां केंद्र सरकार भी अपने फैसलों से पीछे हटती नहीं दिखेगी वहीं आंदोलनकारी किसान दृढ़ संकल्प के साथ वर्तमान सरकार की प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। दिल्ली में किसानों के धरने ने क्या नरेंद्र मोदी को वैसे ही मुकाम पर ला खड़ा किया है जैसे मुकाम पर कभी ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर आ खड़ी हुई थीं या मनमोहन सिंह अन्ना आंदोलन के समय में आ खड़े हुए थे? भारत मोदी से इस सवाल के जवाब का इंतजार कर रहा है. यह जवाब भारत की राजनीतिक अर्थनीति, और आगे चलकर चुनावी राजनीति की भी दिशा तय करेगा। यहां स्पष्ट कर दें कि थैचर वाले मुकाम का अर्थ है सुधारों की दिशा में बड़ा, साहसी, और जोखिमभरा कदम, जो स्थापित ढांचों और निहित स्वार्थों के लिए चुनौती होगा और विरोध की ऊंची लहर पैदा करेगा. थैचर ने जब आर्थिक दक्षिणपंथ की ओर बुनियादी बदलाव किया था तब उन्हें ऐसे ही विरोध का सामना करना पड़ा था. उन्होंने इस चुनौती से लोहा लिया, जीतीं और लौह महिला बन गईं. अगर वे दबाव के आगे झुक गई होतीं तो इतिहास के पन्ने पर कहीं हाशिये पर डाल दी गई होती। इसमें शक नहीं है कि इन सुधारों के लिए उन्होंने भारी राजनीतिक चुनौतियों का सामना किया, लेकिन इनमें से कुछ सुधार, खासकर जीएसटी, खराब पूर्व-तैयारी और क्रियान्वयन के कारण अपना मकसद पूरा नहीं कर पाए. और अब, रिजर्व बैंक आज यह तो जरूर कह रहा है कि यह आंकड़ा 8 प्रतिशत का ही रहेगा मगर यह ऋणात्मक रहेगा. किसी ने यह नहीं उम्मीद की थी कि मोदी के सातवें वर्ष में वृद्धि दर ऋणात्मक हो जाएगी और, आइएमएफ के अक्तूबर के अनुमान के मुताबिक, भारत के प्रति व्यक्ति जीडीपी का आंकड़ा बांग्लादेश के इस आंकड़े के नीचे पहुंच जाएगा। किसानों के विरोध प्रदर्शन से स्पष्ट है कि सड़कों पर संघर्ष से बचने के लिए केंद्र सरकार को संसद में बहस करानी चाहिए। यह संकट दूसरे कई ऐसे संकटों के साथ उभरा है, जो सुलझने का नाम नहीं ले रहे हैं. चीन लद्दाख में अपना धरना खत्म नहीं करता दिख रहा है; कोरोना वायरस का प्रकोप शांत नहीं हो रहा; और अर्थव्यवस्था लगातार छह तिमाहियों से गिरावट की राह पर बनी हुई है. राजनीतिक, आर्थिक, सामरिक और नैतिक मोर्चों पर मोदी सरकार के लिए मुश्किलें चूंकि बढ़ चुकी हैं इसलिए किसान आंदोलन उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है।

**प्रफुल्ल सिंह बेचैन कलम**
**युवा लेखक एवं साहित्यकार**

## विमला समिति का486वा रक्तदान

### मोंटी ने रक्तदान कर बचाया जान



**सतना**-विमला यूथ पावर जीडीओ समिति के सभी टीम मिल कर लगातार रक्तदान की मुहिम को छोटे छोटे गाँव से लेकर सतना जिले के बाहर एक देश से दूसरे देश तक पहुचाने का कार्य कर रही है। और रक्तदान देकर जरूरतमंद की जान बचा रही।जैसे कि आज सतना जिला अस्पताल में नागोद के रहने वाले विमला समिति के सदस्य मोंटी जी ने हमेशाकी तरह आज भी नेक कार्य मे अपना बहुमूल्य समय निकालकर एक बुजुर्ग को रक्तदान कर एक नया जीवन दिया। मोंटी ने बताया कि मेरे जैसे युवाओ से निवेदन है। कि आओ सभी समाज के हित के लिए नेक कार्य मे अपना सहयोग दे और इस रक्तदान की मुहिम से जुड़े। मौजूद युवा टीम उपाध्यक्ष स्वप्निल वर्मन,गोलू व्यास,स्कील आलम उपस्थित रहे।

## ज्ञान गंगा

### ईश्वर का दोस्त



एक संत ने एक रात स्वप्न देखा कि उनके पास एक देवदूत आया है। देवदूत के हाथ में एक सूची थी। उसने कहा, 'यह उन लोगों की सूची है, जो प्रभु से प्रेम करते हैं।' संत ने कहा, 'मैं भी प्रभु से प्रेम करता हूं। मेरा नाम तो इसमें अवश्य होगा।' देवदूत बोला, 'नहीं, इसमें आप का नाम नहीं है।' संत उदास हो गए। फिर उन्होंने पूछा, 'इसमें मेरा नाम क्यों नहीं है? मैं ईश्वर से ही प्रेम नहीं करता बल्कि गरीबों से भी प्रेम करता हूं। मैं अपना अधिकतर समय निर्धनों की सेवा में लगाता हूं। उसके बाद जो समय बचता है उसमें प्रभु का स्मरण करता हूं।' तभी संत की आंख खुल गई। दिन में वह स्वप्न को याद कर उदास थे। एक शिष्य ने उदासी का कारण पूछा तो संत ने स्वप्न की बात बताई और कहा, 'लगता है सेवा करने में कहीं कोई कमी रह गई है।' दूसरे दिन संत ने फिर वही स्वप्न देखा। वही देवदूत फिर उनके सामने खड़ा था। इस बार भी उसके हाथ में कागज था। संत ने बेरुखी से कहा, 'अब क्यों आए हो मेरे पास? मुझे प्रभु से कुछ नहीं चाहिए।' देवदूत ने कहा, 'आपको प्रभु से कुछ नहीं चाहिए, लेकिन प्रभु का तो आप पर भरोसा है। इस बार मेरे हाथ में दूसरी सूची है।' संत ने कहा, 'तुम उनके पास जाओ जिनके नाम इस सूची में हैं। मेरे पास क्यों आए हो?' देवदूत बोला, 'इस सूची में आप का नाम सबसे ऊपर है।' यह सुन कर संत को आश्चर्य हुआ। बोले, 'क्या यह भी ईश्वर से प्रेम करने वालों की सूची है।' देवदूत ने कहा, 'नहीं, यह वह सूची है जिन्हें प्रभु प्रेम करते हैं। ईश्वर से प्रेम करने वाले तो बहुत हैं, लेकिन प्रभु उसको प्रेम करते हैं जो गरीबों से प्रेम करते हैं। प्रभु उसको प्रेम नहीं करते जो दिन रात कुछ पाने के लिए प्रभु का गुणगान करते रहते हैं।

## सब एहिजे रह जाई



चाहे केतनो करब कमाई
सब एहिजे रह जाई
अकेला साँस आइल बा
अकेले ही निकल जाई ।
न गरीब कोई न धनवान
सब एके समान भाई
केतनो बनीहें चतुर
नाहीं चली उहां चतुराई ।
चाहे केतनो करबऽ कमाई
सब एहिजे रह जाई ।
नाता रिश्ता एहिजे बनल
एहिजे सब छुट जाई
हम कहां के तू कहां के
ई जहां में बिछड़ जाई ।
तू और मैं के झगड़ा में
उमर सगरी बीत जाई
धन दौलत सुंदर शरीर
नाहीं कुछो कामे आई ।
चाहे केतनो करब कमाई
सब एहिजे रह जाई ।

**ज्ञानंद चौबे**
**केतात, पलामू**
**झारखंड**

## पर्यावरण संरक्षण

वर्तमान समय की सबसे बड़ी समस्या है7 ÷पर्यावरण प्रदूषण÷ पर्यावरण दो शब्दों से मिलकर बना है ÷परि और आवरण÷ जिसका अर्थ है हमारे आसपास का परिवेश7 पर्यावरण पर ही हमारा स्वास्थ्य हमारी दिनचर्या निर्भर है, इसलिए हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता ÷पर्यावरण का संरक्षण÷ करना है7 पर्यावरण का स्तर दिन पर दिन गिरता ही जा रहा है7 पर्यावरण पर ही हमारा स्वास्थ्य और जनजीवन टिका हुआ है, इसलिए यदि हम समय रहते पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नहीं देंगे तो धीरे-धीरे पर्यावरण प्रदूषण बहुत ही भयावह स्थितियों को जन्म देगा 7अभी दिल्ली में पर्यावरण प्रदूषण की जो समस्या उत्पन्न हो रही है7 वह पूरे देश में चिंता का विषय बना हुआ है7 दिन पर दिन पर्यावरण का गिरता स्तर



चिंता का विषय बना हुआ है7
कुछ पंक्तियां
पर्यावरण पर टिका हुआ है,
जनजीवन का जीवन
कर लो! इसका संरक्षण,
यह है अमूल्य सबसे धन7
हरे भरे पौधों को लगाकर,
हरियाली फैला दो!
प्रकृति पूर्ण कर संरक्षण दो,
पर्यावरण महका दो

मनुष्य जाति का और अन्य जीवो का जीवन पर्यावरण पर ही टिका हुआ है 7यदि पर्यावरण का हम दोहन करते रहे तो इसके विनाशकारी परिणाम को भुगतने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए, क्योंकि प्रकृति तुम्हें वही लौटाएगी जो तुमने प्रकृति को दिया है7 अभी विश्वव्यापी महामारी के रूप में जो कोरोना का प्रकोप जारी है 7वह प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का ही परिणाम है7 पर्यावरण का संरक्षण करके हम बहुत सारी प्राकृतिक आपदाओं और भयावह स्थितियों से बच सकते हैं7 पर्यावरण अमूल्य धरोहर हैं जिसका हमारे जन जीवन से गहरा संबंध है, इसलिए हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता पर्यावरण का संरक्षण होना चाहिए 7हमें अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ों को लगाना चाहिए और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि पर्यावरण से ही जीवन है 7

**स्वरचित, अप्रकाशित एवं मौलिक रचना**
**लेखिका /रचनाकार- रीता तिवारी रीत**
**शिक्षा- एम ए समाजशास्त्र ,बी एड ,सीटीईटी उत्तीर्ण संप्रति- अध्यापिका ,स्वतंत्र लेखिका एवं कवयित्री पिता का नाम- श्री अवधेश तिवारी**



## इश्क

कहते हैं जिसे वक्त मार दे ।
वह हालात से मजबूर हो जाता है।।
और जिसे इश्क मार दे।
वह दुनिया से ही दूर हो जाता है।।
वक्त अच्छा हो सब साथ देते हैं ।
नहीं तो लोग बेमौत ही मार देते हैं।।
हो अगर इश्क तो लोग ।
मरने का कोई मौका नहीं देते हैं।।
बच भी गया अगर।
लोगों से इश्क मार देता है।।
कहते हैं जिसे वक्त मार दे ।
वह हालात से मजबूर हो जाता है ।।
और जिसे इश्क मार दे।
वह दुनिया से ही दूर हो जाता है।।

**महेश राठौर सोनू, गाँव राजपुर गढ़ी**
**जिला मु, नगर**

## आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 10 दिसम्बर तक आमंत्रित

**ग्वालियर।** प्रदेश के सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में खाली सीटों पर आवेदक 10 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा आईटीआई में फिर से प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ की गई है। आवेदक एमपी ऑनलाइन पर रजिस्ट्रेशन में हुई गलतियों में सुधार और नए कॉलेज का चयन, च्वाइस फिलिंग और संस्थाओं में एडमिशन प्राथमिकता में सुधार, नये आवदेकों का रजिस्ट्रेशन आदि भी 10 दिसम्बर तक कर सकते हैं।



# सैफ अली खान ने कहा सारा को स्क्रीन पर देखना काफी फनी



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने अपने अभियन से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने साल 2020 में तान्हाजी और 'जवानी जानेमन' जैसी फिल्मों में किरदार अदा किया, इसमें उनके अभियन की तारीफ हुई।एक इंटरव्यू में सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म कुली नंबर वन को लेकर बातचीत की। सैफ ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि सारा को स्क्रीन पर देखना काफी फनी है। सैफ से पूछा गया कि क्या उन्होंने 'कुली नंबर वन का ट्रेलर देखा है, इसके जवाब में सैफ अली खान ने कहा, नहीं, मैंने ट्रेलर नहीं देखा, लेकिन सारा ने मुझे फिल्म के कई गाने दिखाए हैं, और स्पष्ट है कि उन्होंने इस दौरान काफी मजा किया। सारा को स्क्रीन पर देखना काफी फनी है, क्योंकि मेरे लिए वह अभी भी छोटी बच्ची ही हैं। लेकिन, हां वह अब बड़ी हो चुकी हैं। सैफ अली खान ने इसके अलावा अपनी अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष को लेकर भी बातचीत की। सैफ ने 'आदिपुरुष में अपने किरदार के बारे में बताया कि दानव राजा का किरदार अदा करना काफी रोचक है। लेकिन हम उस भी मनोरंजन से भर देने वाले है। सीता के अपहरण और राम से बदले के रूप में हुए युद्ध को स्पष्ट करने वाले हैं, जो उसने अपनी बहन सुर्पनखा की लक्ष्मण द्वारा नाक काटने पर किया था।

# सलमान हुए कटरीना कैफ की बहन के दीवाने, की नए गाने की तारीफ

## कहा- अरे वाह इसाबेल, ये गीत बहुत प्यारा है और आप बहुत अच्छी लग रही हैं



इसाबेल का वीडियो सॉन्ग 'माशाल्लाह' रिलीज हो चुका है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं। यही नहीं उनकी खूबसूरती के मुरीद, सलमान खान भी हो गए हैं। सलमान ने सोशल मीडिया पर इसाबेल के गाने को पोस्ट किया है। सलमान ने अपने पोस्ट में लिखा- अरे वाह इसाबेल, ये गीत बहुत प्यारा है और आप बहुत अच्छी लग रही हैं। ढेर सारी बधाई। माशाल्लाह गाने को सिंगर डीप मनी ने गाया है। इस गाने में इसाबेल का हॉट अंदाज नजर आ रहा है। 21 लाख से अधिक लोग अब तक यूट्यूब पर इस गाने को देख चुके हैं। जब से सलमान खान ने इस गाने को शेयर किया है तब से इसकी और ज्यादा चर्चा होने लगी है। सलमान खान अपनी अगली फिल्म राधे में नजर आने वाले हैं। कटरीना कैफ की सात बहनें हैं। उनमें से तीन कटरीना से बड़ी हैं वहीं तीन उनसे छोटी हैं। उनका एक बड़ा भाई भी है। इसाबेल कटरीना की छोटी बहन हैं।

**कटरीना कैफ लंबे वक्त से बॉलीवुड में धूम मचा रही हैं। उन्होंने लाखों फैन्स को अपना दीवाना बनाया हुआ है। उनके अभिनय के साथ-साथ उनकी खूबसूरती के भी चर्चे हैं। अब उनकी छोटी बहन इसाबेल भी अपना जलवा बिखेरने आ गई हैं।**

### मां और बहन को लेकर गई लंच डेट पर

# आलिया भट्ट ने बहन के बर्थडे को बनाया खास



**बालीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी बहन शाहीन के बर्थडे को खास बनाने की पूरी कोशिश की थी। बहन शाहीन और मां सोनी राजदान को आलिया लंच डेट पर लेकर गयी थी। इस दौरान आलिया भट्ट ने बेहद क्यूट फ्लोरल ड्रेस पहना था। आलिया भट्ट ने बहन के बर्थडे पर ग्लैमरस की जगह क्यूट और कम्फर्टेबल लुक को चुना था, जिसमें वह कमाल की लग रही थीं।**

आलिया ने इस मौके पर फॉरिस्ट ग्रीन कलर की फ्लोरल ड्रेस को पहना था। इसमें क्रॉस स्ट्रैप, सेमी स्वीटहार्ट नेकलाइन के साथ ही फ्लेयर्ड डिजाइन था। आलिया की इस पॉपलिन ड्रेस पर बहुत खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट्स थे। इस ड्रेस के साथ उन्होंने एसिड वॉश डेनिम जैकेट को कैरी किया था। साथ ही आलिया का फेस मास्क उनके आउटफिट से मैच करते फैब्रिक से तैयार किया गया था। यह ड्रेस साक्शा एंड किन्नी लेबल की है। लेकिन क्या आपको पता है कि ऐब्सट्रैक्ट फ्लोरल प्रिंट वाल इस ड्रेस को आलिया भट्ट ने साक्शा एंड किन्नी लेबल से कितनी कीमत में लिया था जानकारी के मुताबिक, इस ड्रेस की कीमत 16,000 रुपये है। अपने इस महंगे आउटफिट के साथ आलिया ने व्हाइट स्नीकर्स पहने थे। वहीं बर्थडे गर्ल शाहीन भट्ट की बात करें तो उन्होंने अपने लिए क्यूट और कलरफुल लुक चुना था। शाहीन ने बेहद क्यूट प्रिंटेड स्वेटशर्ट पहना था, जिस पर रेंबो और टेडीज प्रिंटेड थे। उन्होंने भी बहन आलिया की तरह व्हाइट स्नीकर्स पहने थे। शाहीन के जन्मदिन पर आलिया ने उनके लिए बहुत सुन्दर मैसेज भी लिखा था। बता दें कि शुक्रवार को आलिया और शाहीन ने मां सोनी राजदान संग समय बिताया। ये मां-बेटियां मिलकर मदर्स और डॉटर्स गेट टूगेदर में शामिल हुईं। इसमें सोनी की बेस्ट फ्रेंड और एक्ट्रेस नीना गुप्ता, उनकी बेटी मसाबा गुप्ता संग आलिया की बेस्ट फ्रेंड आकांक्षा रंजन कपूर, उनकी मां और बहन अनुषा भी थीं। आलिया के इस मदर्स एंड डॉटर्स गेट टूगेदर फोटो को फैन्स और सोशल मीडिया यूजर्स का ढेर सारा प्यार मिल रहा है। यह फोटो वायरल हो रही है। साथ ही सभी के मैचिंग लुक को भी खूब पसंद किया जा रहा है। बता दें कि आलिया भट्ट अपनी बहन शाहीन से बेहद प्यार करती हैं। इस बारे में दुनिया को बताने में भी एक्ट्रेस कभी नहीं चूकतीं।



# बोनी ने पोस्ट की अनिल के पुरानी तस्वीर

## फोटो में खाने को छोड़कर पोज दे रहें अनिल कपूर





बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर के भाई बोनी कपूर ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की। जिसमें उनके भाई अनिल कपूर और सुनील कपूर साथ बैठे हैं। बोनी कपूर की ये तस्वीर बहुत पुरानी हैं। उनकी इस तस्वीर में उनके भाई साथ में है। तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वो इस तस्वीर में खाना खाने में व्यस्त है और वहीं उनके भाई अनिल कपूर खाने को छोड़कर कैमरे के सामने पोज दे रहें है। इससे हम अंदाजा लगा सकते हैं अनिल कपूर बचपन से ही काफी फोटो फ्रिक हैं। अनिल कपूर की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। उनके फैंस इस तस्वीर पर अपने लाइक्स और कमेंटस द्वारा बेहद प्यार दे रहें हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की थी जो उनकी खुद की तस्वीर हैं। ये फोटो एक ब्लैक एंड वाइट फोटो हैं। इस तस्वीर में अनिल कपूर काफी कूल और डैशिंग लग रहे हैं। अनिल कपूर की उम्र जरूर बढ़ रही हैं लेकिन आज भी वे फिट एंड फाइन हैं। उनकी इन तस्वीर को देखकर कोई नहीं कह सकता की उनकी उम्र 63 साल हैं। बता दें कि फिलहाल अनिल कपूर अपनी आगामी फिल्म जुग जुग जीयो कि शूटिंग में व्यस्त है। इस फिल्म में उनके साथ नीतू कपूर भी नजर आएंगी। वहीं दूसरी तरफ बोनी कपूर कि अगली फिल्म 'मैदान' अगले साल रिलीज होगी। अनिल कपूर के वर्क फ्रंट कि बात करें तो आखिरी बार वे फिल्म 'मलंग' में दिखाई दिए थे। अब वे करन जोहर कि फिल्म 'तख्त' में नजर आएंगे।

# काजोल ने सफेद और काले रंग की शॉर्ट ड्रेस में साझा की हॉट तस्वीर

## प्रशंसक बोले सोनोरीटा



बॉलीवुड की अभिनेत्री काजोल हमेशा पारंपरिक वस्त्रों में दिखाई देती हैं। वे हर अंदाज में सुंदर दिखाई देती है। लेकिन इन दिनों काजोल अपनी एक फोटो की वजह से वे खासी सुर्खियों में है। इस फोटो को में काजोल सफेद और काले रंग की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही है। इस फोटो में काजोल का ग्लैमरस अंदाज देखने लायक है। काजोल ने इस फोटो को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है जिस पर प्रशंसक अपना खूब रिएक्शन दे रहे हैं और कमेंट भी कर रहे हैं। इसके लायक बनने के लिए कभी भी देर नहीं होगी कि आप जो भी बनना चाहते हैं। इस वायरल हो रही फोटो में काजोल ऐ-सिमेट्रिकल डिजाइन की आउटफिट में नजर आ रही हैं। इसमें अपर पोर्शन प्लेन फैब्रिक से बना है, जिसे हाई नेक, फुल स्लीव्स और बॉडी फिट डिजाइन दिया गया है। इस लुक को काजोल ने ग्लैम मेकअप, रेड चेरी लिप्स और स्टाइलिश हेयर डू के साथ परफेक्ट फिनिश दी। फैन्स इस तस्वीर पर खूब रिएकशन दे रहे हैं, ऐक्ट्रेस की इस फोटो पर फैन्स कमेंट करते हुई आइ लव यू लिख रहे हैं। काजोल को आखिरी बार प्रियंका बनर्जी की शॉर्ट फिल्म देवी में देखा गया था, जिसमें नेहा धूपिया, नीना कुलकर्णी, श्रुति हासन, संध्या म्हात्रे, मुक्ता बर्वे, शिवानी रघुवंशी, रमा जोशी और यशस्विनी दायमा भी थीं। एक्ट्रेस का अगला प्रोजेक्ट रेणुका शहाणे की त्रिभंगा है, जो उनके डिजिटल कैरियर की शुरूआत करेगी।

# यामी ने पोस्ट की खूबसूरत तस्वीर



एक्ट्रेस यामी गौतम अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी 'भूत पुलिस' की हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अपनी आगामी शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की। इसमें वह हिमाचल की सुंदर प्राकृतिक छटा का आनंद उठा रही हैं। पृष्ठभूमि में पहाड़ दिख रहे हैं। अभिनेत्री ने इस सुंदर तस्वीर के कैप्शन में लिखा कि यही वो चीज है जिसके लिए मैं जगी हूं। बता दें कि यामी पिछले एक महीने में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों से खूबसूरत तस्वीरों और वीडियो को इंस्टाग्राम पर साझा कर रही हैं। कुछ समय पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया था कि वह पहाड़ों की ताजी हवा का आनंद लेती हैं। भूत पुलिस की शूटिंग बड़े पैमाने पर धर्मशाला, डलहौजी और पालमपुर में हुई है। पवन कृपलानी के निर्देशन में सैफ अली खान, अर्जुन कपूर और जैकलीन फर्नांडीज ने भी इस फिल्म में काम किया है।

### किसानों के भारत बंद को किन पार्टियों का मिला साथ

# किन-किन सेवाओं पर हो सकता है असर?

**नई दिल्ली।** केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में हजारों किसान पिछले 11 दिन से आंदोलन कर रहे हैं। किसानों ने कानून के खिलाफ मंगलवार (8 दिसंबर) को एक दिन के लिए भारत बंद की घोषणा की है। इतना ही उन्होंने जनता से भी अपील की है कि वे इस बंद के लिए उनका समर्थन करें। किसानों ने कहा कि पूरे देश में मंगलवार सुबह 11 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक भारत बंद बुलाया जाएगा। हालांकि प्रदर्शकारियों ने यह भी कहा कि वे आम लोगों के लिए कोई परेशानी खड़ी नहीं करना चाहते हैं। केंद्र सरकार ने मंत्रियों की अगुवाई में किसानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश की थी, लेकिन पांच दौर की वार्ता के बावजूद कोई हल नहीं निकल सका है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मांगी गई, तो वे अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेंगे और राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने वाले मार्गों को बंद कर देंगे। सरकार और प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के बीच अब तक की वार्ता विफल रही है और इसकी छठे दौर की वार्ता बुधवार (9 दिसंबर) को होनी है। भारत बंद का आह्वान किसान संगठनों ने किया है जो संसद के मॉनसून सत्र में लाए गए तीन कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस, राकांपा, द्रमुक, सपा, टीआरएस और वामपंथी दलों जैसी बड़ी पार्टियों ने बंद का समर्थन किया है। नए कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में हजारों किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें अधिकतर किसान पंजाब, हरियाणा और उत्तरप्रदेश के हैं।

**केंद्र ने भारत बंद के लिए जारी किया देशव्यापी परामर्श**–केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि मंगलवार को किसान संगठनों और उनके समर्थन में विपक्षी दलों द्वारा आहूत भारत बंद के दौरान सुरक्षा कड़ी की जाए और साथ ही शांति सुनिश्चित की जाए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी देशव्यापी परामर्श में कहा कि राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन किया जाए और सामाजिक दूरी बनाए रखी जाए। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को बताया गया है कि भारत बंद के दौरान शांति और धैर्य बनाए रखा जाए और एहतियाती कदम उठाए जाएं ताकि देश में कहीं भी अप्रिय घटना नहीं हो।

**किसानों के भारत बंद का समर्थन करेगी ट्रांसपोर्ट यूनियन**–ट्रांसपोर्टरों का संगठन एआईएमटीसी किसानों के भारत बंद के समर्थन में मंगलवार को देशभर में ट्रांसपोर्ट सेवाओं का परिचालन बंद रखेगा। संगठन पहले दिन से किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहा है। अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) देशभर के 95 लाख ट्रक परिचालकों और अन्य इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष संगठन है। एआईएमटीसी के अध्यक्ष कुलतरण सिंह अटवाल ने कहा, पहले सिर्फ उत्तर भारत के ट्रांसपोर्टरों ने भारत बंद में शामिल होने का निर्णय किया था। लेकिन ट्रांसपोर्ट संगठनों और यूनियनों की बैठक के बाद अब यह निर्णय लिया गया है कि देश के अन्य सभी हिस्सों में भी भारत बंद का समर्थन किया जाएगा। इसके चलते आठ दिसंबर 2020 को देशभर में ट्रकों का परिचालन निलंबित रहेगा।

**रेलवे यूनियन एआईआरएफ ने किया भारत बंद का समर्थन**–ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन (एआईआरएफ) ने सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा नए कृषि कानूनों के



विरोध में आठ दिसंबर को बुलाए गए भारत बंद को अपना समर्थन दिया है। एआईआरएफ के महासचिव शिवगोपाल मिश्रा ने सिंघु बॉर्डर जाकर प्रदर्शनकारी किसानों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि रेलवे यूनियन के सदस्य इस लड़ाई में उनके साथ हैं। मिश्रा ने कहा, हमने भारतीय रेलवे के अपने सभी संबंद्ध सहयोगियों को पत्र लिखकर किसानों की जायज मांगों को पूरा करने के संघर्ष में उनका साथ देने के वास्ते आठ दिसंबर को बुलाए गए भारत बंद का समर्थन करने को कहा है। मैंने सभी संबंद्ध सहयोगियों को केंद्र सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ पहले ही भोजनावकाश के घंटे के दौरान धरना-प्रदर्शन और रैली आयोजित करने की सलाह दी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि सरकार किसानों की जायज मांगों का संज्ञान लेकर उन्हें जल्द से जल्द पूरा करेगी। करीब नौ लाख सदस्यों वाली रेलवे यूनियन के अलावा कई अन्य संगठन भी किसानों के बंद का समर्थन करने का ऐलान कर चुके हैं।

**भारत बंद को लेकर व्यापारी, ट्रांसपोर्टर ने क्या कहा**–व्यापारियों के संगठन कनफेडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और ट्रांसपोर्टरों के संगठन ऑल इंडिया ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसियेसन (एआईटीडब्ल्यूए) ने किसान संगठनों द्वारा मंगलवार को बुलाए गए भारत बंद से अलग रहने की घोषणा की है। कैट ने सोमवार को कहा कि नए कृषि कानूनों के खिलाफ मंगलवार को किसानों के भारत बंद के दौरान दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में बाजार खुले रहेंगे। वहीं एआईटीडब्ल्यू ने भी घोषणा की है कि भारत बंद के दौरान परिवहन या ट्रांसपोर्ट क्षेत्र का परिचालन सामान्य बना रहेगा। संयुक्त बयान में कहा गया है कि देशभर में व्यासायिक बाजार खुले रहेंगे और कारोबारी कामकाज सामान्य रहेगा। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट सेवाएं भी आठ दिसंबर को जारी रहेंगी। कैट का दावा है कि वह सात करोड़ व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करती है। वहीं एआईटीडब्ल्यूए के चेयरमैन सिंघल ने कहा कि वह देश के संगठित ट्रांसपोर्ट क्षेत्र के 60 से 65 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती है।

**दिल्ली में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति हो सकती है बाधित**–केंद्र सरकार से तीन नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहे किसान संगठनों द्वारा आहूत भारत बंद में कैब चालकों एवं मंडी कारोबारियों के कई संघों ने शामिल होने का फैसला किया है, जिससे मंगलवार को शहर में यातायात सेवा और फलों एवं सब्जियों जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो सकती है। कुछ टैक्सी और कैब संघों ने एक दिन की हड़ताल में भाग लेने का फैसला किया है। कारोबारियों का एक समूह भी किसानों की मांग का समर्थन कर रहा है, जिसके कारण बड़ी सब्जी एवं फल मंडियों में काम बाधित होने की आशंका है। आजादपुर मंडी के अध्यक्ष आदिल खान ने कहा, मुझे कई कारोबारी संघों ने मंगलवार की हड़ताल के लेकर फोन किया है। मुझे लगता है कि गाजीपुर, ओखला और नरेला की मंडियां किसानों द्वारा बुलाए भारत बंद के कारण बंद रहेंगी।

**दिल्ली में ट्रैफिक डायवर्जन**–एक आधिकारिक बयान के अनुसार दिल्ली पुलिस ने प्रस्तावित भारत बंद के दौरान सड़कों पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए हैं। इस संबंध में एक यातायात परामर्श भी जारी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने एहतियात के तौर पर हरियाणा और उत्तर प्रदेश से लगती सीमाओं पर तैनाती बढ़ा दी है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्वीट करके सिंघू, औचंदी, पियाओ मनीयारी और मंगेश बॉर्डर के बंद होने की जानकारी दी है। टिकरी और झरोदा बॉर्डर भी बंद है। यातायात पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 भी दोनों तरफ से बंद है इसलिए इस मार्ग पर यात्रा कर रहे लोगों से वैकल्पिक लामपुर, साफियाबाद, सफोली बॉर्डरों से यात्रा करने की सलाह दी जाती है। वहीं मुकरबा और जीटीके रोड पर भी यातायात को मोड़ा गया है। वहीं नोएडा की ओर जाने वाले लोगों को डीएनडी से जाने की सलाह दी गई है क्योंकि नोएडा लिंड रोड पर चिल्ला बॉर्डर भी यातायात के लिए बंद है। यातायात पुलिस ने कहा, लोगों को दिल्ली आने के लिए एनएच-24 का इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी जाती है और इसके बदले अप्सरा/भोपरा/डीएनडी के जरिए दिल्ली आने की सलाह दी जाती है। पुलिस ने कहा कि हालांकि बाडुसराय सीमा हल्के वाहनों कार और दोपहिया वाहनों के लिए खुला है, जबकि झाटीकारा सीमा सिर्फ दोपहिया वाहनों के लिए खुली है। उन्होंने बताया कि जो हरियाणा की यात्रा कर रहे हैं वे धनसा, दौराला, कापसहेड़ा, रजोकरी राष्ट्रीय राजमार्ग-8, बिजवासन या बजघेरा, पालम विहार, डुंडाहेरा बॉर्डर के रास्ते ले सकते हैं।

### मेडिकल कॉलेज को स्वास्थ्य विभाग का फरमान

## ठंड में कोरोना मरीज के घटने या बढ़ने पर रखें नजर

**पटना।** बिहार में ठंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की घटती-बढ़ती संख्या (ट्रेंड) पर नजर रखी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के प्राचार्य एवं अधीक्षकों को निर्देश दिया कि ठंड के बढ़ते प्रभाव को लेकर कोरोना मरीजों के ट्रेंड पर नजर रखें। मरीज अस्पताल में घट रहे हैं या बढ़ रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के प्राचार्य एवं अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में कोरोना संक्रमितों के इलाज की स्थिति की समीक्षा की। प्रधान सचिव ने पूछा कि कहीं कोई गंभीर मरीज तो नहीं हैं। उन्होंने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, मरीजों की परेशानी को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। प्रधान सचिव के स्तर से प्रत्येक सप्ताह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में



कोरोना मरीजों के इलाज की समीक्षा की जाती है। सूत्रों के अनुसार मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व अधीक्षकों ने बताया कि कोरोना मरीजों के भर्ती होने की संख्या बेहद कम हो गयी है। दवा भंडार में दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमितों के इलाज को लेकर सभी चिकित्सक तत्पर हैं। जांच रिपोर्ट मिलते ही मरीजों की स्थिति के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी आदि शामिल हुए।

**439 नये संक्रमित मिले, दो की मौत**–बिहार में स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 439 नये संक्रमितों की पहचान हुई, जबकि दो संक्रमितों की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पटना में सर्वाधिक 170 नये संक्रमित मिले। कोरोना संक्रमितों के स्वस्थ होने की दर सोमवार को बढ़कर 97.31 फीसदी हो गयी। रविवार को यह दर 97.20 फीसदी थी। वहीं, पिछले 24 घंटे में राज्य में 679 संक्रमित मरीज स्वस्थ हुए। राज्य में अबतक दो लाख 33 हजार 117 कोरोना संक्रमित इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। राज्य में वर्तमान में कोरोना के अभी 5150 सक्रिय मरीज हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। 12 जिलों में 10 से अधिक संक्रमित मिले, जबकि 25 जिलों में 10 से कम संक्रमितों की पहचान हुई। पिछले 24 घंटे में राज्य में 1 लाख 10 हजार 413 सैंपल की कोरोना जांच की गयी। राज्य में अबतक 1 करोड़ 55 लाख 39 हजार 015 सैंपल की कोरोना जांच की जा चुकी है।

### कनाडा में कोविड-19 वैक्सीन की पहली खुराक इस साल के अंत तक

## 1 लाख से अधिक लोगों को लगेगा टीका

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि देश मे दिसंबर के अंत तक फाइजर और





बायोएनटेक निर्मित कोविड-19 के 2,49,000 टीके प्राप्त हो जाएंगे। समय पर वैक्सीन की आपूर्ति में देरी पर उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। जस्टिन ट्रूडो ने बताया कि फाइजर के साथ वैक्सीन की जल्द आपूर्ति के लिए उन्होंने यह समझौता किया है। उन्हें फाइजर वैक्सीन के 2,49,000 टीके मिलेंगे, यह दिसंबर के अंत तक उन्हें प्राप्त हो जाएंगे।

**1 लाख से अधिक लोगों को लगेगा टीका**–ट्रूडो ने कहा कि साल 2020 के अंत से पहले 1,24,500 कनाडा निवासियों को वैक्सीन दी जाएगी। फाइजर का यह ठीक लोगों को दो बार में लगाया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, ÷कनाडा के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब इतनी संख्या में वैक्सीन यहां मंगवाई जाएंगी। यह एक अच्छी बात है। वैक्सीन शुरुआत में देश के कुछ लोगों को लगवाई जाएगी आए उसके बाद तेजी से बड़े पैमाने पर लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। हेल्थ कनाडा की मंजूरी के बाद, टीकों को अगले सप्ताह की शुरुआत में उपलब्ध कराया जा सकता है। विभाग की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुप्रिया शर्मा ने कहा कि, यह इस सप्ताह संभव हो सकता है।

**स्वास्थ्य सुरक्षा के नहीं किया जाएगा समझौता**–रेगुलेटरी प्रक्रिया के बाद ही हम लोगों का टीकाकरण शुरू करेंगे। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा के लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हेल्थ कनाडा द्वारा मंजूरी को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं होगी। फाइजर वैक्सीन को दो डोज में वितरित किया जाना है और इसके साथ कुछ लॉजिस्टिक चुनौतियां आ सकती हैं। जिसमें वैक्सीन को माइनस 80 डिग्री सेल्सियस और माइनस 60 डिग्री सेल्सियस के बीच रखना जैसी समस्याएं शामिल हैं। वेक्सीन के लिए 14 वितरण केंद्रों की पहचान की गई है। अगले वर्ष की पहली तिमाही के भीतर कनाडा में लगभग चार मिलियन डोज और आने की उम्मीद है।

### चीन की एक और चालबाजी, गुजरात बॉर्डर के नजदीक तैनात किए फाइटर जेट्स और बड़ी संख्या में सैनिक

**बीजिंग।** पूर्वी लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत-चीन के बीच महीनों से जारी विवाद के चलते तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। दोनों देशों ने कई दौर की वार्ताएं की हैं, लेकिन हालात पहले जैसे अभी तक नहीं हुए हैं। पड़ोसी देश अब लद्दाख के बाद गुजरात की सीमा पर चालबाजी दिखाने की फिराक में है। दरअसल, चीन पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर सैन्य अभ्यास करने जा रहा है, जिसके लिए उसने गुजरात सीमा के पास बने पाकिस्तानी एयरबेस के लिए फाइटर जेट्स और सैनिकों को भेजा है। चीन ने सोमवार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि वायु सेना की कवायद का उद्देश्य दोनों सेनाओं के वास्तविक युद्ध प्रशिक्षण में सुधार करना है।

### कोरोना वायरस वैक्सीन: ब्रिटेन में 90 साल की दादी को लगा फाइजर का पहला टीका

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की एक 90 वर्षीय दादी मार्गरेट कीनन क्लीनिकल अप्रूवल के ट्रायल के बाहर फाइजर कोविन-19 वैक्सीन लेने वाली दुनिया की पहली शख्स बन गई हैं।

एनिस्किलेन की रहने वाली कीनान ने टीका लगवाने के बाद कहा कि उन्हें बहुत खास महसूस हो रहा है। उन्हें कोवेंट्री के यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में टीका लगाया गया है। टीका लगने के बाद कीनन ने कहा कि यह सबसे अच्छा प्री बर्थडे गिफ्ट है जो मुझे पसंद आया क्योंकि इसका मतलब है कि मैं अंत में अपने परिवार और दोस्तों के साथ नए साल में सबसे ज्यादा समय बिताने के लिए ठीक रह सकती हूं। बीबीसी की खबर के मुताबिक कीनान दुनिया की ऐसी पहली व्यक्ति हैं जिन्हें ट्रायल से इतर फाइजर/बायोनटेक कोविड-19 का टीका लगाया गया है। ब्रिटेन की दवा एवं स्वास्थ्य देखभाल उत्पादन नियामक एजेंसी (एमएचआरए) ने पिछले हफ्ते इस टीके को मंजूर दी।

## जेजेपी भी चलेगी अकाली के रास्ते? दिल्ली आकर तोमर से मिले मनोहर लाल खट्टर

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के भारत बंद के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार दोपहर को दिल्ली आकर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से उनके आवास पर मुलाकात की। तोमर और खट्टर के बीच बैठक सरकार और किसानों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक के छठे दौर से एक दिन पहले हुई है। किसानों के बढ़ते दबाव के चलते हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई वाली भाजपा सरकार में सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जेपीपी) भी अब नए कृषि कानूनों को संशोधित करने के लिए आवाज उठाने लगी है। हालांकि, भाजपा जेजेपी के इस रुख से हैरान है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बयानों के अनुसार, जेजेपी के पांच विधायकों ने किसानों के आंदोलन का समर्थन किया है, लेकिन इसे गठबंधन तोड़ने के संकेत के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि यह स्पष्ट है कि एक राजनीतिक दल जिसकी गिनती अपने मुख्य समर्थकों के बीच किसानों की पार्टी के रूप में होती है, अपनी चिंताओं को उठाने से नहीं कतराता है, इसलिए जेजेपी नेताओं के बयान पूरी तरह से राजनीतिक बयान हैं। हालांकि ऐसी अटकलें हैं कि जेजेपी भी शिरोमणि अकाली दल



(एसएडी) के रास्ते पर जा सकती है और कृषि कानूनों को लेकर भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ सकती है, लेकिन दिल्ली में भाजपा नेतृत्व को विश्वास है कि हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर सरकार को कोई खतरा नहीं है। एक नेता ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि जेजेपी सरकार से समर्थन वापस लेने की स्थिति में नहीं है और खट्टर सरकार के लिए कोई खतरा नहीं है। अगर कांग्रेस कोशिश करती है, तो भी जेजेपी उन्हें समर्थन नहीं देगी। इसके अलावा वे संख्या में कम हैं और सरकार को धोखा नहीं दे सकते हैं। नेता ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने संकेत दिया है कि वह उन चिंताओं को दूर करेगी जो कानून में कुछ प्रावधानों के बारे में हैं। उदाहरण के लिए एक डर है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में पारिश्रमिक कुछ वर्षों के बाद घटने लग सकता है। ऐसे प्रावधान और नियम हैं जिनके द्वारा इस तरह की चिंताओं पर ध्यान दिया जा सकता है। सरकार ऐसे नियम बनाने के लिए तैयार है जिससे किसानों को लाभ हो। जेजेपी ने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों की मांग पर विचार किया जाए और एमएसपी के लिए गारंटी लिखित रूप में दी जाए और कानूनों का हिस्सा बनाया जाए।

### पाक के बाद अब तुर्की आतंकवाद को हवा देने में लगा सीरिया के आतंकियों को कश्मीर भेजने की कर रहा तैयारी

**अंकारा।** तुर्की अक्सर कश्मीर पर भारत विरोधी बयान देकर सुर्खियों में रहा है, लेकिन अब वह इससे दो कदम आगे निकल गया है। वह सीरिया के आतंकियों को कश्मीर भेजने की तैयारी में है। हालांकि, इससे पहले सीरिया भाड़े के लड़ाकों को लीबिया और अजरबैजान भेज चुका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तुर्की समर्थित सुलेमान शाह ब्रिगेड आतंकवादी संगठन के प्रमुख अबू ईमशा है। यह सीरियाई राष्ट्रीय सेना का एक हिस्सा है। ईमशा ने कुछ दिनों पहले अपने सदस्यों से कहा था कि अंकारा चाहता है कि वह कश्मीर में भारत के खिलाफ अपने लड़के भेजे। आतंकवादी समूहों के ईमशा ने कहा कि तुर्की के अधिकारी बाद में अन्य आतंकवादी समूहों के कमांडरों से उन लोगों के नामों को सूचीबद्ध करने के लिए कहेंगे, जो कश्मीर जाना चाहते हैं। इसके लिए डेढ़ लाख रुपये भी दिए जा रहे हैं।

**आतंकवाद को हवा देने की फिराक**–पाक के बाद अब तुर्की भी कश्मीर में आतंकवाद को हवा देने की कोशिश कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की सीरिया में जंग लड़ रहे आतंकियों को कश्मीर भेजने की फिराक में है। उसकी सरकारी मीडिया एजेंसी ने भी पाकिस्तान और कश्मीर मामले पर टिप्पणी की है। इसे अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच नागर्नो-कराबाख विवाद की तरह बताया है। तुर्की की मदद से दो हफ्ते पहले ही अजरबैजान ने इस इलाके पर कब्जा किया है।



## बदल गई है माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई

**नई दिल्ली।** नेपाल और चीन ने विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट की संशोधित ऊंचाई मंगलवार को संयुक्त रूप से जारी की जो 8848.86 मीटर बताई गई है। नेपाल सरकार ने एवरेस्ट की सटीक ऊंचाई मापने का निर्णय किया था। एवरेस्ट की ऊंचाई को लेकर पिछले कुछ सालों से बहस हो रही थी और ऐसा माना जा रहा था कि वर्ष 2015 में आए विनाशकारी भूकंप के साथ ही कई अन्य कारणों से संभवत÷ चोटी की ऊंचाई में बदलाव आया है।

विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली ने कहा कि नेपाल ने एवरेस्ट की ऊंचाई 8848.86 मीटर मापी है। नई ऊंचाई, पिछली बार मापी गई ऊंचाई से 86 सेंटीमीटर अधिक है। भारत सर्वेक्षण द्वारा 1954 में किए गए मापन के अनुसार माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8,848 मीटर है। माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 1847 में 8,778 मीटर मापी गई थी। लेकिन, अब 2020 में नेपाल और चीन के संयुक्त प्रयासों के कारण नई संशोधित ऊंचाई का पता चला है। नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने एक कार्यक्रम के दौरान काठमांडू और बीजिंग में एक साथ आधिकारिक ऊंचाई की घोषणा की। विदेश मंत्री ग्यावली ने मंगलवार को कहा, यह एक ऐतिहासिक दिन है। माउंट एवरेस्ट की नई ऊंचाई 8,848.86 मीटर है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भी तुरंत बाद नई ऊंचाई की घोषणा की।बता दें, नेपाल 2011 से ही एवरेस्ट की ऊंचाई पर काम कर रहा था। नेपाल के सर्वेक्षण विभाग के अनुसार, सटीक माप सेंटीमीटर में है।

### सामने आई पाक के दोस्त तुर्की की खतरनाक साजिश

# सीरिया के आंतकियों को कश्मीर भेजने की कर रहा तैयारी

**अंकारा।** पाकिस्तान का सदाबहार दोस्त तुर्की अकसर कश्मीर पर भारत विरोधी बयान देकर सुर्खियों में रहा है, लेकिन अब वह इससे दो कदम आगे निकल गया है। वह सीरिया के आतंकियों को कश्मीर भेजने की तैयारी में है। हालांकि इससे पहले सीरिया भाड़े के लड़ाके को लीबिया और अजरबैजान भेज चुका है। तुर्की इससे पहले कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ कई बार जहर उगल चुका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की समर्थित सुलेमान शाह ब्रिगेड आतंकवादी संगठन के प्रमुख अबू ईमशा है। यह सीरियाई राष्ट्रीय सेना का एक हिस्सा है। ईमशा ने कुछ दिनों पहले अपने सदस्यों से कहा था कि अंकारा चाहता है कि वह कश्मीर में भारत के खिलाफ अपने लड़के भेजे। आतंकवादी समूहों के ईमशा ने कहा कि तुर्की के अधिकारी बाद में अन्य आतंकवादी समूहों के कमांडरों से उन लोगों के नामों को सूचीबद्ध करने के लिए कहेंगे, जो कश्मीर जाना चाहते हैं।

**आतंकवाद को हवा देने की फिराक**–पाक के बाद अब तुर्की भी कश्मीर में आतंकवाद को हवा देने की कोशिश कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की सीरिया में जंग लड़ रहे आतंकियों को कश्मीर भेजने की फिराक में है। उसकी सरकारी मीडिया एजेंसी ने भी पाकिस्तान और कश्मीर मामले पर टिप्पणी की है। इसे अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच नागर्नो-कराबाख विवाद की तरह बताया है। तुर्की की मदद से दो हफ्ते पहले ही अजरबैजान ने इस इलाके पर कब्जा किया है। डेढ़ लाख मिलेगा ईमशा के मुताबिक, तुर्की के अफसर जल्द ही ऐसे आतंकियों की लिस्ट मांगेंगे, जो कश्मीर जाना चाहते हैं। इन सभी को आतंकी संगठन की ओर से दो हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 1.5 लाख रुपए) दिए जाएंगे। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक तुर्की कश्मीर में आतंकियों को चुनने के लिए एजाज, जाराब्लस, अल-बाब, अफरीन और इदलिब इलाके में अभियान चला रहा है। आतंकियों को एक ग्रुप में गुपचुप तरीके से कश्मीर भेजा जाएगा।

**कश्मीर मामले पर पाक का साथ**–तुर्की कश्मीर मामले पर लंबे समय से पाकिस्तान का साथ देता रहा है। संयुक्त राष्ट्र समेत कई दूसरे ग्लोबल प्लेटफॉर्म्स पर कश्मीर का मुद्दा उठाने में पाकिस्तान की मदद की है। पिछले साल यूएन जनरल असेम्बली में तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। भारत ने इसे अपने अंदरुनी मामलों में दखलंदाजी बताया था। पाकिस्तान भी तुर्की की ओर से उत्तरपूर्व सीरिया पर कब्जा करने की कोशिशों का समर्थन करता है।

न्यूज. ब्रीफ

## पंड्या इसी तरह खेलते रहे तो उन्हें रोक पाना कठिन होगाः जहीर खान



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जमकर सराहना की है। जहीर ने कहा अगर वह इसी तरह बल्लेबाजी करते रहें तो उन्हें रोक पाना किसी गेंदबाज के लिए आसान नहीं होगा। जहीर ने कहा, 'वह बहुत तनावपूर्ण रहते हैं और डॉट बॉल से बहुत ज्यादा परेशान नहीं होते हैं फिर चाहे कैसे भी हालात क्यों न हो। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें खुद पर बहुत भरोसा है। वह किसी भी परिस्थिति में छक्का लगा सकते हैं और अगर वह गेंदबाज की गलती का इंतजार करते हैं। वह गेंदबाज को दबाव में लेकर आते हैं।' जहीर ने कहा, 'पंड्या अपने करियर में ऐसी छवि बनाते जा रहे हैं कि गेंदबाज के लिए उन्हें रोक पाना आसान नहीं होगा फिर चाहे वह मैच की कोई भी स्थिति क्यों न हो।' पंड्या ने बल्ले से अपनी उपयोगिता पूरी तरह साबित की है पर गेंदबाजी में वह अपनी क्षमता का पूरी तरह इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। फिलहाल वह ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। जहीर के अनुसार अगर वह गेंदबाजी में भी इसी तरह प्रदर्शन करें तो वह टीम इंडिया के लिए और भी ज्यादा उपयोगी हो सकते हैं। जहीर ने कहा, 'आप देख ही रहे हैं कि वह किस तरह की बल्लेबाजी कर रहे हैं, इसमें उनकी गेंदबाजी और फील्डिंग को और जोड़ दें तो वह और भी खतरनाक हो जाएंगे। एक मैच विजेता। उनकी गेंदबाजी को हमेशा से काफी तवज्जो दी जाती है और यह टीम को काफी संतुलन देता है। अभी वह अपनी बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल रहे हैं।'

## पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं जडेजा

**सिडनी।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा पहले टी20 मैच के दौरान सिर में लगी चोट (कन्कशन) और हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। जडेजा कम से कम तीन सप्ताह के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे, ऐसे में वह एडिलेड में 17 दिसंबर से शुरू हो रहे दिन-रात के पहले टेस्ट में नही खेल पायेंगे। हैमस्ट्रिंग चोट गंभीर होने पर वह 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई के अनुसार ,ह्यआईसीसी कन्कशन प्रोटोकॉल के तहत सिर में चोट लगने पर खिलाड़ी को 7 से 10 दिन आराम दिया जाता है, जिससे जडेजा 11 दिसंबर से दूसरा अभ्यास मैच भी नहीं खेल सकेंगे ।साथ ही कहा, ह्ययह संभव नहीं है कि अभ्यास मैच खेले बिना ही टीम प्रबंधन उन्हें पहले टेस्ट में उतार दे। यह भी कहा जा रहा है कि कन्कशन से ज्यादा हैमिस्ट्रिंग खिंचाव के कारण जडेजा को एक टेस्ट से बाहर रहना पड़ सकता है। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहले अभ्यास मैच की कमेंट्री के दौरान एक कमेंटेटर ने कहा था कि जडेजा को कन्कशन के कारण तीन सप्ताह बाहर रहना होगा। इसका कारण यह है कि वह कन्कशन से उबर रहे हैं, पर हैमिस्ट्रंग खिंचाव ठीक होने होने में समय लग सकता है। जडेजा के नही खेलने पर अनुभवी आर. अश्विन ही भारतीय टीम के पास एकमात्र स्पिनर होंगे।

## जाफर ने मीम के जरिये वॉन को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज शुरू होने से पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा था कि भारतीय टीम को तीनों प्रारुपों में हार का सामना करना पड़ेगा पर भारतीय टीम ने टी20 सीरीज जीतकर वॉन को गलत साबित कर दिया है। भारतीय टीम ने तो वॉन के ट्वीट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने वॉन पर कटाक्ष किया है। जाफर आजकल सोशल मीडिया पर पूर्व क्रिकेटर्स को मजेदार अंदाज में ट्रोल कर रहे हैं। इस बार जाफर के निशाने पर वॉन हैं। जाफर ने वॉन के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए गैंग्स ऑफ वासेपुर के एक सीन का मीम पोस्ट किया है। टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच 17 दिसंबर से चार मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। बॉर्डर-गावसकर टेस्ट सीरीज का पहला मैच ऐडिलेड में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने पिछले दौरे में ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट सीरीज में हराया था।

## जेहान फार्मूला टू रेस जीतने वाले पहले भारतीय

**मुम्बई।** जेहान दारूवाला फार्मूला टू रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने हैं। जेहान ने रविवार को ग्रां प्री के दौरान इतिहास रचा। फॉमूर्ला टू चैम्पियन मिक शूमाकर और डेनियल टिकटुम के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 22 वर्षीय जेहान सपोर्ट रेस में शीर्ष पर रहे। रेयो रेसिंग के लिये ड्राइविंग कर रहे जेहान ने ग्रिड पर दूसरे स्थान से शुरूआत की और वह डेनियल टिकटुम के साथ थे। डेनियल ने जेहान को साइड में करने की कोशिश की जिससे शूमाकर दोनों से आगे निकल गये। जेहान इसके बाद दोनों से पीछे हो गये पर उन्होंने हार नहीं मानी और संयम बरतते हुए अपनी पहली एफआईए फामूर्ला टू रेस जीत ली। वहीं उनके जापानी साथी युकी सुनोडा दूसरे स्थान पर रहे, वह जेहान से 3.5 सेकेंड पीछे रहे जबकि डेनियल तीसरे स्थान पर रहे। जेहान ने कहा, ह्यमुझे भारत में अपने लोगों को साबित करना था कि भले ही हमारे पास यूरोप में ड्राइवरों की तरह की समान सुविधायें नहीं हों परन्तु जब आप कड़ी मेहनत करो तो आप ग्रिड के मोड़ पर अच्छी चुनौती दे सकते हैं।

## क्रुणाल ने हार्दिक को सुपरस्टार बताया

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के भाई क्रुणाल पंड्या उनके प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। यहां तक कि क्रुणाल ने हार्दिक को सुपरस्टार तक कह दिया है। क्रुणाल ने भारत की शानदार जीत के बाद पंड्या की तस्वीरों के साथ ट्वीट कर अपने भाई की तारीफ ती और साथ ही टीम को जीत पर बधाई भी दी। क्रुणाल ने ट्वीट किया, 'सुपरस्टार, इंटरटेनर, फिनिश। भाई तुम शानदार हो। टीम इंडिया को बधाई।' पंड्या ने धमाकेदार बल्लेबाजी की भारत को सीरीज में अजेय बढ़त दिलाई। भारत को आखिरी ओवर में जीत के लिए 14 रन चाहिए थे। पंड्या ने डेनियल सैम्स के ओवर में दो छक्के लगाकर भारत को जीत दिला दी। इससे पहले कैनबरा में खेले गए सीरीज के आखिरी मैच में भी उन्होंने 92 रन की पारी खेली थी। पंड्या ने पहले रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर भारतीय पारी को संभाला और फिर आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। यहां तक कि पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर को भी हार्दिक को लेकर अपनी राय बदलनी पड़ी। मांजरेकर ने कहा था कि पहले वह पंड्या को बतौर बल्लेबाज मौका देने के फैसले को सही नहीं मानते थे। उन्होंने कहा था कि वह पंड्या की इस भूमिका को लेकर दुविधा में थे हालांकि अब उन्हें ऐसी कोई उलझन नहीं है। इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर एलेक्सा हार्टली ने भी पंड्या की बल्लेबाजी से प्रभावित होकर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि उन्हें भरोसा नहीं हो रहा कि पंड्या ने ऐसी कमाल की बल्लेबाजी की है।

**क्रिकेट पर कोरोना भारीः** इससे पहले 3 टी-20 मैचों की सीरीज में इंग्लैंड ने क्लीन स्वीप किया था

# स्टाफ संक्रमित मिलने के बाद इंग्लैंड का साउथ अफ्रीका दौरा रद्द

सिडनी ■ एजेंसी

इंग्लैंड का साउथ अफ्रीका दौरा कोरोना की वजह से रद्द कर दिया गया है। दोनों टीमों के कैम्प और स्टाफ में कोरोना के मामले सामने आने के बाद सोमवार को यह फैसला लिया गया है। इससे पहले एक अफ्रीकी खिलाड़ी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद 4 दिसंबर को होने वाला पहला वनडे रविवार तक के लिए टाल दिया गया था। बाद में होटल स्टाफ में कोरोना के मामले सामने आने के बाद पहला और दूसरा वनडे रद्द करना पड़ा था।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान जारी कर कहा है कि यह फैसला खिलाड़ियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर लिया गया है। यह तीन मैचों की वनडे सीरीज आईसीसी सुपर लीग का हिस्सा है। बोर्ड इस बात पर फैसला करेगी कि भविष्य में यह सीरीज हो सकती है या नहीं।

सीएसए के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुंगांड्री गोवेंडर ने कहा कि हाल ही में जो हुआ है, इसका हमारे खिलाड़ियों पर जो असर पड़ा है उसे दोनों बोर्ड हल्के में नहीं ले सकते हैं। दौरे को रद्द करने का फैसला काफी जिम्मेदारी से लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं ईसीबी का लगातार सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। हम निकट भविष्य में इंग्लैंड की मेजबानी की उम्मीद करते हैं।



### होटल के 2 स्टाफ मिले थे पॉजिटिव

इंग्लैंड की टीम जिस होटल में रुकी थी, उस होटल के दो स्टाफ कोविड-19 पॉजिटिव निकले थे। बाद में इंग्लैंड के खिलाड़ी और प्रबंधन ने शनिवार शाम को अपना आरटी-पीसीआर टेस्ट कराया था। इसके बाद सोमवार और बुधवार को होने वाले दोनों मैच भी रद्द करने का फैसला किया गया और फिर पूरा दौरा ही रद्द कर दिया गया।

### दक्षिण अफ्रीकी टीम का एक खिलाड़ी आया था पॉजिटिव

तीन मैचों की वनडे सीरीज 4 दिसंबर से न्यूलैंड्स से शुरू होनी थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी टीम का एक खिलाड़ी पॉजिटिव निकलने के बाद 4 तारीख का वनडे 6 तारीख के लिए स्थागित कर दिया गया था, जो बाद में रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को अपना दोबारा टेस्ट कराया था, जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई थी।

**टी-20 सीरीज में इंग्लैंड ने किया था क्लीन स्वीप**

इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैच की टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। पहले टी-20 को इंग्लैंड ने 5 विकेट, दूसरे टी-20 को 4 विकेट और तीसरे टी-20 को 9 विकेट से अपने नाम किया था। डेविड मलान को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया था।

| दो मैच जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका है भारत |

# क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

सिडनी ■ एजेंसी

टीम इंडिया मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम मैच में जीत के साथ ही टी20 क्रिकेट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। पहले दोनो टी20 मैच जीतने से जीतने से भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है हालांकि उसे रविन्द्र जडेजा की कमी खलेगी। शानदार फॉर्म में चल रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। जडेजा की गैर मौजूदगी में भी भारत ने रविवार को दूसरा टी20 छह विकेट से जीतकर सीरीज अपने नाम की।

भारतीय टीम का मनोबल इससे भी बढ़ा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को आराम देकर भी भारत ने नये गेंदबाजों के बल पर ही मैच जीत लिया। युवा गेंदबाज टी नटराजन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार पदार्पण किया और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को उन्हें खेलने में काफी परेशानियां हुई हैं।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने पिछले मैच में पावरप्ले के बाद कुछ बेहतरीन शॉट लगाए थे। मनीष पांडे की जगह श्रेयस अय्यर को शामिल करना भी भारत के लिए अच्छा रहा। भारत के लिए परेशानी का कारण स्पिनर युजवेंद्र चहल का खराब प्रदर्शन रहा है। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान मैथ्यू वेड के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम लय में बल्लेबाजी नहीं कर पायी। उसे नियमित कप्तान आरोन फिंच, डेविड वॉर्नर, मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की कमी का नुकसान उठाना पड़ा है। डार्सी शॉर्ट सलामी बल्लेबाजी के तौर पर पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। ऐसे में मार्कस स्टॉयनिस और ग्लेन मैक्सवेल पर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी है और भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना उनके लिए आसान नहीं होगा। पहले दोनो मुकाबलों में कंगारु गेंदबाजों की यह कमी सामने आई है।



**दोनो टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, टी नटराजन और शार्दुल ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलिया :** मैथ्यू वेड (कप्तान), सीन एबोट, एश्टोन एगर, एलेक्स कारे, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, मोइजेस हेनरिक्स, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, डेनियल सैम्स, केन रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डार्सी शॉर्ट , एडम जाम्पा और एंड्रयू टाय।

## फिटनेस के साथ ही वजन भी घटा रहे रोहित शर्मा

**मुम्बई।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा आजकल हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। रोहित का टेस्ट सीरीज में भी खेलना भी तय नहीं है। वह बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रीहैब के दौर से गुजर रहे हैं। इसके साथ ही रोहित वजन कम करने का भी प्रयास कर रहे हैं। रोहित का मानना है कि कुछ किलो वजन कम करके वह भविष्य में बार-बार होने वाली चोटों से बच सकते हैं। अब मुंबई के इस बल्लेबाज की सेहत का आंकलन 11 दिसंबर को किया जाएगा। उनकी हैमस्ट्रिंग चोट काफी जल्दी ठीक हो रही है पर उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए उन्हें स्ट्रेंथ और फिटनेस पर काम करना होगा। अब प्रक्रिया रोहित के सही शेप में आने की है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नैशनल क्रिकेट अकादमी से कुछ तस्वीरें साझा की थीं। इसमें दिख रहा है कि रोहित ने कुछ वजन कम किया और वह बेहतर शेप में दिख रहे हैं।



बहरीन में मसीर्डीज के चालक जॉर्ज रुसेल फार्मूला वन बहरीन रेस में शामिल हुए

## अभ्यास मैचः इंडिया-ए ने 247 रन पर पारी घोषित की ऑस्ट्रेलिया ए ने 8 विकेट खोकर 286 रन बनाए

सिडनी ■ एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज से पहले खेले जा रहे 3 दिवसीय प्रैक्टिस मैच में इंडिया-ए ने 9 विकेट पर 247 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। कप्तान अजिंक्य रहाणे 117 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारतीय बॉलर्स ने शानदार प्रदर्शन किया और उनकी आधी टीम 98 रन पर ही पवेलियन वापस लौट गई।

इसके बाद कैमरून ग्रीन ने पारी को संभाला और शानदार शतक जड़ा। ग्रीन की इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया-अ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट पर 286 रन बना लिए थे। ग्रीन 114 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर 39 रन की बढ़त बना ली है। भारत की ओर से उमेश यादव ने 3, मोहम्मद सिराज और रविचंद्रन अश्विन को 2-2 विकेट मिले। भारतीय बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की जमकर क्लास ली। उमेश ने ओपनर विल पुकोवस्की (1) को शुभमन गिल के हाथों कैच कराकर पवेलियन का रास्ता दिखाया। इसके बाद जो बर्न्स (4) भी उमेश की बॉल पर ऋद्धिमान साहा को कैच थमा बैठे। ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने कप्तान ट्रेविस हेड (18) को बोल्ड कर पवेलियन वापस भेज दिया। अच्छी पारी खेल रहे मार्कस हैरिस (35) को रहाणे हाथों कैच कराकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। अश्विन ने ही निक मैडिंसन को एलबीडब्ल्यू आउट कर आधी कंगारू टीम को मैदान से बाहर कर दिया।



## रद्द उड़ानों के सभी यात्रियों को टिकट का पैसा 31 जनवरी-21 तक लौटाएगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर की मशहूर हवाई सेवा इंडिगो ने यात्रियों के लिए राहत की खबर आई है। इंडिगो ने अपनी रद्द उड़ानों के सभी यात्रियों को टिकट का पैसा 31 जनवरी, 2021 तक लौटाने की घोषणा की है। ये उड़ानें इस साल कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के चलते रद्द हुई थीं। मालूम हो कि भारत ने कोरोना वायरस महामारी के कारण दो महीने के अंतराल के बाद इस साल 25 मई को घरेलू यात्री उड़ानों को फिर से शुरू किया गया था। इस दौरान कई उड़ानें रद्द हुई थी और यात्रियों ने टिकट रिफंड के लिए आवाज उठाई। इसके बाद एयरलाइन ने रद्द टिकटों पर क्रेडिट शेल बनाया था। क्रेडिट शेल का इस्तेमाल उसी यात्री द्वारा भविष्य में यात्रा की बुकिंग के लिए किया जा सकता है।

## हिंडाल्को ने सिलवासा में एल्युमिनियम निकालने के नए प्लांट को दिखाई हरि झंडी कम्पनी की लंबी अवधि डाउनस्ट्रीम वेल्यू एडेड स्ट्रेटजी का एक हिस्सा होगा यह प्लांट

मुम्बई ■ एजेंसी

आदित्य बिरला समूह की मैटल फ्लैगशिप, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सिलवासा में 34,000 टन के एल्युमिनियम निकालने के प्लांट की शुरूआत करने की योजना की उद्घोषणा की।

यह नया प्लांट, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र में उत्सारित (प्रेशर के साथ निकाले गए) एल्युमिनियम से बने उत्पादों के लिए तेजी से बढ़ते बाजार को सेवाएं देगा। चूंकि हिंडाल्को कम्पनी अपनी लंबी अवधि के डाउनस्ट्रीम निवेश योजना की समीक्षा कर रही है, ऐसे में सिलवासा में यह 730 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट हिंडाल्को की डाउनस्ट्रीम स्ट्रेटजी की दिशा में उठाये गए एक बड़े कदम का सूचक है। यह निवेश आर्थिक बहाली की दिशा में आत्मविश्वास का इशारा करता है, जो कि डाउनस्ट्रीम वेल्यू एडेड उत्पादों के लिए मांग में बढ़ोत्तरी करेगा।




शेयर मार्केट रिकॉर्ड स्तर पर — सेंसेक्स पहली बार 45426 के स्तर पर बंद

# हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार में हुई जमकर खरीदारी

- बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप पहली बार 181 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचा
- सेंसेक्स 20.37 अंक ऊपर 45,099.92 पर और निफ्टी 6.30 अंक ऊपर 13,264.85 पर खुला था

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार में शानदार बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 347.42 अंक ऊपर 45,426.97 पर और निफ्टी 97.20 अंक ऊपर 13,355.75 पर बंद हुआ। क्लोजिंग के लिहाज से दोनों इंडेक्स का यह हाइएस्ट लेवल है। इससे पहले 4 दिसंबर को बीएसई सेंसेक्स 446.90 अंक ऊपर 45,079.55 पर और निफ्टी 124.65 अंक ऊपर 13,258.55 पर बंद हुआ था।

हालांकि, आज सेंसेक्स ने 45,458.92 और निफ्टी ने 13,355.75 के स्तर को टच किया, जो दोनों इंडेक्स का ऑलटाइम हाई लेवल है। निफ्टी बैंक इंडेक्स भी 159 अंकों की बढ़त के साथ 30,211.55 के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को बाजार में चौतरफा खरीदारी के चलते बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। आज मार्केट बंद होने के बाद कुल मार्केट कैप 181.15 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। निफ्टी में यूपीएल का शेयर 4% से ज्यादा की बढ़त के साथ बंद हुआ है। ल्वछ, भारती एयरटेल और अदाणी पोर्ट के शेयरों में भी 3-3% की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा निफ्टी बैंक इंडेक्स में बंधन बैंक का शेयर 4% ऊपर बंद हुआ है। वहीं, एसबीआई लाइफ और नेस्ले इंडिया के शेयरों में 1-1% से ज्यादा की गिरावट रही। कोटक बैंक और खरह स्टील के शेयर भी 1-1% नीचे बंद हुए।



### बीएसई पर 64 प्रतिशत कंपनियों के शेयरों में बढ़त रही

- बीएसई का मार्केट कैप 181.16 लाख करोड़ रुपए रहा।
- 3,167 कंपनियों के शेयरों में ट्रेडिंग हुई। इसमें 2,036 कंपनियों के शेयरों में बढ़त और 936 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही।
- 310 कंपनियों के शेयर 1 साल के उच्च स्तर और 43 कंपनियों के शेयर एक साल के निम्न स्तर पर रहे।
- 494 कंपनियों के शेयर में अपर सर्किट और 214 कंपनियों के शेयर में लोअर सर्किट लगा।

### एशियाई बाजारों में बिकवाली

**आज एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स 203 अंक नीचे 26,547 पर बंद हुआ है। हॉन्गकॉन्ग का हेंगसेंग इंडेक्स 324 अंकों की गिरावट के साथ 26,511 पर बंद हुआ है। इसके अलावा चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स भी 0.81% की गिरावट के साथ 3,416 पर बंद हुआ।**

### शुक्रवार को बाजार रिकॉर्ड तेजी

आरबीआई द्वारा रेपो रेट को समान रखने का फैसला और जीडीपी मे गिरावट के अनुमान को घटाने का फैसले से बाजार नई ऊंचाई पर बंद हुआ था। बीएसई सेंसेक्स 446.90 अंक ऊपर 45,079.55 पर और निफ्टी 124.65 अंक ऊपर 13,258.55 पर बंद हुआ था। दोनों इंडेक्स का यह हाइएस्ट क्लोजिंग लेवल है। हालांकि, कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 45,148.28 और निफ्टी ने 13,280.05 के हाइएस्ट लेवल को टच किया, जो इंट्राडे के लिहाज से दोनों इंडेक्स का सर्वोच्च स्तर है। शुक्रवार को बाजार की रैली को बैंकिंग शेयरों ने लीड किया।

## फ्रैंकलिन टेंपलटन ने छह निश्चित आय योजनाओं को बंद करने यूनिटधारकों से मांगी मंजूरी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

मशहूर म्यूचुअल फंड कंपनी फ्रैंकलिन टेंपलटन ने कहा कि उसने छह निश्चित आय योजनाओं को उचित तरीके से बंद करने के लिए यूनिटधारकों की मंजूरी मांगी है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस बारे में यूनिटधारकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रक्रिया 26 से 28 दिसंबर तक चलेगी।

उसके बाद 29 दिसंबर को संबंधित योजनाओं के यूनिटधारकों की बैठक होगी। यूनिटधारकों को इस बारे में मत देना है कि क्या इन योजनाओं को बंद किया जाना चाहिए या नहीं। यदि यूनिटधारक योजनाओं को बंद नहीं करने के पक्ष में मत देते हैं, तो इन योजनाओं को खरीद और निकासी के लिए पुनः खोल दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रैंकलिन टेंपलटन को एक सप्ताह के भीतर यूनिटधारकों की बैठक बुलाने और छह म्यूचुअल फंड योजनाओं को बंद करने के बारे में उनकी सहमति लेने का निर्देश दिया था। फ्रैंकलिन टेंपलटन एमएफ ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया का उद्देश्य कंपनी के ट्रस्टियों द्वारा छह योजनाओं को बंद करने के फैसले के बारे में यूनिटधारकों की मंजूरी प्राप्त करना है। यूनिटधारकों से प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग मंजूरी ली जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक मतदान की प्रक्रिया को संपन्न कराने की जिम्मेदारी फिनटेक को दी गई है। कंपनी का मानना है कि यदि यूनिटधारक योजनाओं को बंद करने के पक्ष में मत देते हैं, तो यह उनके लिए लाभदायक होगा क्योंकि इससे संपत्तियों का मौद्रिकरण सुगमता से हो सकेगा और उन्हें अधिकतम मूल्य मिल सकेगा।

# विजन डॉक्यूमेंट में अल्प, मध्य एवं दीर्घकालीन योजनायें शामिल होंगीं

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर के समग्र विकास हेतु शहर का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जायेगा। विजन डॉक्यूमेंट में अल्पकालीन, मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन योजनाओं के तहत विकास कार्य शामिल किए जायेंगे। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में विजन डॉक्यूमेंट हेतु मोतीमहल के मानसभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह, एडीएम श्री किशोर कान्याल सहित निर्माण विभाग से जुड़े विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि हमको ग्वालियर विकास के लिये समन्वित रूप से कार्य करना होगा। विभिन्न विभागों की जो विकास परियोजनायें स्वीकृत हैं। उन्हें शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण करने की दिशा में कार्य करना होगा। इसके साथ ही शहर के चहुँमुखी विकास हेतु जो कार्य आवश्यक हैं उनकी कार्ययोजना भी तैयार करने का कार्य तत्परता से करना होगा। शहर के दीर्घकालीन विकास के लिये विषय विशेषज्ञों के माध्यम से पूरी प्लानिंग भी करानी होगी।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की जो परिकल्पना सामने रखी है उसके अनुरूप भी हमें अपने शहर के विकास मी तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर के विजन डॉक्यूमेंट की विस्तृत प्लानिंग के लिये चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाना जरूरी है। विभिन्न सेक्टरों के लिये प्रभारी अधिकारी बनाकर कार्ययोजना तैयार की जाए। संभागीय आयुक्त ने विजन डॉक्यूमेंट के समग्र कार्य के लिये सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह एवं एडीएम श्री किशोर कान्याल को जवाबदारी सौंपी। यह विकास के लिये जो डॉक्यूमेंट बनाया जाना है उसमें विभिन्न विभागों से समन्वय कर परियोजना का प्रतिवेदन तैयार



करने का कार्य करेंगे। शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर के संबंध में पूरी कार्ययोजना तैयार करने का कार्य नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन के नेतृत्व में किया जायेगा। इसी प्रकार हैल्थ के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के लिये अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी है। गुड गवर्नेंस के क्षेत्र में जो कार्य किया जायेगा उसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने की जवाबदारी संभागीय अपर आयुक्त श्रीमती सपना निगम को सौंपी गई है। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने स्वरोजगार एवं उद्योग के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के विकास की पूरी कार्ययोजना तैयार करने की जवाबदारी सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा को सौंपी है। यह सभी प्रभारी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की परियोजना तैयार करने का कार्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर करेंगे और तैयार की गई परियोजना का प्रजेण्टेशन आगामी दिनों में प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्वालियर के विकास के लिये दीर्घकालीन विजन डॉक्यूमेंट बनाने का कार्य किसी विषय विशेषज्ञ संस्था के माध्यम से कराया जाए। इसके लिये इफको के माध्यम से विषय विशेषज्ञों का चयन किया जा सकता है। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से कहा कि वे ग्वालियर के विकास के लिये चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। जिले के विभिन्न निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों के साथ मिलकर अल्पकालीन, मध्यकालीन और दीर्घकालीन कार्ययोजनाओं को तैयार कराएँ। उन्होंने इस बात पर भी विशेष जोर दिया कि विभिन्न विभागों के माध्यम से शहर विकास की जो परियोजनायें मंजूर हैं उनको शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जाए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्वालियर के विकास के लिये जो विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाए उसमें ग्वालियर के प्लानिंग एरिया को ध्यान में रखकर कार्ययोजना तैयार हो, जिससे शहर के साथ-साथ विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा एवं आस-पास के अन्य क्षेत्रों के विकास को भी ध्यान में रखकर कार्य किया जा सके। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में बताया कि विजन डॉक्यूमेंट के लिये जिला स्तर पर शहर के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में महत्वपूर्ण सुझाव भी आए हैं। ग्वालियर में जो परियोजनायें स्वीकृत हैं उनको विभिन्न विभागों के माध्यम से तत्परता से पूर्ण कराने की दिशा में भी प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी की कई परियोजनायें भी पूर्णता की ओर हैं जिनके पूर्ण होने से शहरवासियों को उसका लाभ मिलने लगेगा। नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने भी शहर विकास के लिये नगर निगम, विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू सेल के माध्यम से जो कार्य किए जा रहे हैं उनमें शीघ्रता से कार्य करने की आवश्यकता बताई। सभी अधिकारियों ने बैठक में आश्वस्त किया कि विजन डॉक्यूमेंट के लिये जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको समय-सीमा में पूर्ण कर अपनी विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत की जायेगी। सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह ने भी स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत ज्यादातर परियोजनाओं में कार्य पूर्णता की ओर है। जिनको शीघ्र पूर्ण भी कर लिया जायेगा।



# विधायक डॉ. सिकरवार ने किया पुलिस जवानों का सम्मान

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज पुलिस थाना झांसी रोड पहुॅचकर ईमानदारी का परिचय देने वाले पुलिस जवानों व थाना प्रभारी का षॉल-श्रीफ्ल भेंट कर सम्मानित किया। यहा बता दे कि पिछले दिनों डॉक्टर दम्पित का कार से पर्स गिर गया था, जिसमें नगदी व जेवरात सहित अन्य सामान था। जिसे पुलिस के दो जवानों आरक्षक दीपक चतुर्वेदी एवं आरक्षक विभोर रावत ने थाना में जमा कर डॉक्टर दम्पित तक सकुषल वापस कराया था। विधायक डॉ. सिकरवार ने दोनो आरक्षक एवं थाना प्रभारी पकंज त्यागी का पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया। यह उल्लेखनीय है कि गत् 6 दिसंबर को एम्स दिल्ली में पदस्थ डॉक्टर दम्पित डॉ. सागर एवं डॉ. योगिता अपनी कार से मुम्बई से दिल्ली के लिए जा रहे थे। दोपहर 3 बजे विक्की फैक्ट्री तिराहे पर डॉ. योगिता अपनी कार से दिल्ली का रास्ता पूछने के लिए उतरी उसी वक्त उनका पर्स वहां गिर गया था। वह पर्स विक्की फैक्ट्री पर तैनात पुलिस आरक्षक दीपक चतुर्वेदी एवं विभोर रावत को मिला था, उन्होने पर्स वापस दिलाया। स्वागत एवं सम्मान करने वालों में विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार, सुरेष यादव, राहुल बघेल, अनूप षिवहरे, भूपेन्द्र तोमर, अभय कुमार सिंह 'कल्लू भैया, सोनू भदौरिया, गिरिश गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने एक दर्जन से अधिक दिव्यांगों को मोटराईज्ड ट्राइस्किल सौंपी

## कहा दिव्यांगजन हौसला बनाए रखें सरकार उनकी मदद के लिये सदैव तत्पर है

**ग्वालियर।** दिव्यांगजन अपना मनोबल सदैव ऊँचा रखें। आपकी मदद के लिये केन्द्र व राज्य सरकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सरकार कटिबद्ध है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राइस्किल वितरित करते समय कही। मंगलवार को यहाँ कलेक्ट्रेट में आयोजित हुए कार्यक्रम में श्री कुशवाह ने एक दर्जन से अधिक दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राइस्किल सौंपी। मोटराईज्ड ट्राइस्किल के साथ-साथ हेलमेट व एक अतिरिक्त बैटरी भी प्रदान की गई है। ट्राइस्किल के लिये राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने अपनी विधायक निधि से धनराशि मुहैया कराई है। मोटराईज्ड ट्राइस्किल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे पर आई खुशी देखकर ऐसा लगा कि मानो उनकी उम्मीदों को पंख लग गए हैं।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कहा कि स्वयं का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक दिव्यांगजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक मदद दिलाई जायेगी। साथ ही जनसंपर्क निधि से भी जरूरतमंद दिव्यांगजनो को विभिन्न प्रयोजन के लिये आर्थिक मदद दी जायेगी। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद दिव्यांगों से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की मदद की जरूरत है तो वे उनसे टेलीफोन पर भी सीधे बात कर सकते हैं। श्री कुशवाह ने इस अवसर पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण को निर्देश दिए कि विशेष शिविर लगाकर ऐसे दिव्यांगों का पता लगाएँ, जिन्हें मोटराईज्ड ट्राइस्किल की जरूरत है। साथ ही इन कैम्प के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक दिव्यांगों को भी चिन्हित करें। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य एवं संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय व निश्शक्तजन कल्याण श्री राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा ट्राइस्किल लेने आए दिव्यांगजन मौजूद थे।

**सफलता की कहानी दिव्यांगों की जुबानी–** गिरवाई क्षेत्र से आई दिव्यांग महिला श्रीमती सुभद्रा कुशवाह को जब मोटराईज्ड ट्राइस्किल मिली तो उनकी खुशी देखते ही बनी। उनका कहना था कि हम पूजा के लिये रूई की बाती बनाकर अपना भरण-पोषण करते हैं। मोटराईज्ड ट्राइस्किल मिल जाने से अब हम आसानी से अपनी रूई बाजार तक पहुँचा सकेंगे। इसी तरह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहे ग्राम सेंथरी निवासी दिव्यांग दिनेश सिंह बघेल का कहना था कि नौकरी पर पहुँचना मेरे लिये अभी तक बड़ा कठिनाई भरा सफर होता था। मोटराईज्ड साइकिल मिल जाने से अब यह सफर मेरे लिये आसान हो गया है। हस्तिनापुर से आए दिव्यांग रामबरन जैतवार कहने लगे कि गाँव में हमारी छोटी सी किराने की दुकान है। अब इस दुकान पर हम घिसट-घिसटकर नहीं फर्राटा भरते हुए पहुँचेंगे। इसी तरह एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में पदस्थ ग्राम सियावरी निवासी रतनप्रकाश बोले कि अब हमें पढ़ाने के लिये जाने में बहुत आसानी हो गई है। ग्राम चक मेहरोली निवासी सरनाम सिंह जाटव भी मोटराईज्ड ट्राइस्किल मिल जाने से खुश थे। उनका कहना था कि अब हम अपनी दुकान पर शान के साथ अपनी मोटराईज्ड ट्राइस्किल पर बैठकर जाया करेंगे।

## कोरोना के दुष्प्रभावों के संबंध में भ्रांतियों को दूर कर जनता को शिक्षित किया जाए

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना के आफ्टर इफेक्ट्स का अध्ययन कर जनता को शिक्षित और सूचित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मंत्रालय में कोरोना की राज्य में स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अन्य चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों के परामर्श से इसकी पहल करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना पॉजिटिव रहे रोगी की रिपोर्ट जब निगेटिव आती है तब उसे विभिन्न भ्रांतियों के कारण खानपान और स्वास्थ्य रक्षा से जुड़ी आवश्यक सावधानियों का ध्यान रखने के संबंध में वैज्ञानिक आधार पर जानकारियां प्राप्त होना चाहिए।

**घट रहे हैं नए प्रकरण–** प्रदेश में 8 दिसम्बर को 1497 केस रिकवर हुए हैं। नए प्रकरण की संख्या 1,345 है। यह घट रहा है।

# जयरोग्यचिकित्सालय ग्वालियर में मरीजों को बाहर से दवाइयां लेने को किया मजबूर

**अनिल पाराशर पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** जयरोग्य चिकित्सालय मैं मरीजों को डॉक्टरों द्वारा पर्चे पर दवाइयां लिखी जाती हैं तब मरीज पर्चा लेकर अस्पताल में बना हुआ दवाई वितरण केंद्र पर जाता है तो उस स्टोर पर बैठे कर्मचारी मरीज के पर्चे पर लिखी हुई दवाइयों में से एक दो दवाई दे देते हैं बाद मे बोल देते है कुछ दवाइयां बाहर से लीजिए यहां नहीं मिलती है वहां की गरीब जनता एवं मरीजों से पुष्पांजलि टुडे की टीम ने बात की तो तो कर्मचारी ने भी बोला कि हम कभी-कभी बोल देते हैं यहां डॉक्टर एवं छोटे छोटे करमचारी मरीजों को अच्छी तरह से बात नहीं करते मध्यप्रदेश शासन ने मुख्यमंत्री उपचार योजना के तहत निशुल्क दवाई वितरण कराने का जनता से वायदा किया है लेकिन सिस्टम खराब है शासन इस पर ध्यान दें एवं गरीब जनता को निशुल्क गरीब मरीजों का इलाज हो सके ऐसे ही मामला दिनांक 3/10 /2020 को भिंड से रिफर किया गया मरीज रामप्रकाश पिता बैजनाथ शर्मा निवासी ग्राम चंदू पुरा तहसील भिंड उम्र 60 वर्ष इनकी कमर की हड्डी टूट गई थी लेकिन डॉक्टरों ने अभद्रता की और किसी दूसरे अस्पताल में जाने के लिए बात कही रामप्रकाश बेहद गरीब व्यक्ति था उनके लड़के रामानंद शर्मा ने 181 पर कंप्लेंट की तो उस कंप्लेंट को दबाने के लिए डॉक्टरों द्वारा दबाव दिया गया और कहां गया किसी दूसरे हॉस्पिटल में रिफर कर दूंगा अभी ऑपरेशन की मशीन खराब है बेभी एक करोड़ की आती है बहाना बनाकर के पल्ला झाड़ लिया और दोष देकर 181 कंप्लेंट वापस लेने को कहा तब रामानंद शर्मा ने पुष्पांजलि टुडे की टीम से बात की अनिल पाराशर पुष्पांजलि टुडे के क्राइम रिपोर्टर मध्यप्रदेश में डॉ आशीष गुप्ता से फोन पर बात की उस मरीज का ऑपरेशन हो पाया शासन से पैकेज मिलने के बाद भी उस मरीज को दवाइयां बाहर से लिखी गई और आठ हजार के करीब दवाइयां बाहर से मंगाई गई जिसकी शिकायत 181 पर की गई है और लिखित आवेदन संयुक्त संचालक अधीक्षक जय रोग चिकित्सालय डॉक्टर प्रोफेसर आरके धाकड़ को पहुंचाया गया है पुष्पांजलि टुडे की पहल से एक गरीब का निशुल्क इलाज हो पाया लेकिन उस गरीब से 8000 की दवाइयां बाहर से मंगाई गई हैं वो एक जांच का विषय है जांच कर दोषियों को सख्त से सख्त कार्रवाई करें और मुख्यमंत्री उपचार योजना के तहत मरीजों को दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं शासन इस पर ध्यान दें।

सम्पर्क व कॉल का समय 11 से 4 बजे तक ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ रैरा रजिस्टर्ड फर्म

सौम्या प्रोपर्टी डीलर

आवासीय, कॉमर्शियल, इन्डस्ट्रीयल, एग्रीकल्चर भूमी खरीदने, बेचने व रेन्ट (किराये) पर लेने, निवेश के लिये एवं प्रोपर्टी व्यवसाय से जुड़ने के लिये भी सम्पर्क करें :-

9301759475, 9713253992

ऑफिस : शॉप नं. 3-4, तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा.

# इन्दौर नगर निगम ने लगायी कोरोना-कचड़े के लिए तीसरी कचरापेटी



इन्दौर नगरनिगम द्वारा लगवाया जा रहा तीसरा जैव अवशिष्टकचरादान

**इन्दौर ।** कोरोना कोविड वैविश्विक महामारी से बचने के लिए व्यक्तियों द्वारा जो मास्क, ग्लब्स, सैनीटाइजर की खाली बॉटल, प्रयुक्त पीपीटी किट्स आदि जैविक अपशिष्ट को इन्दौर में सामान्य कचरे में फैकना प्रतिबंधित है। इसके लिए इन्दौर नगरनिगम ने सार्वजनिक स्थलों पर तीसरा डस्टबिन लगवाया है। अभी यह सभी जगह नहीं लग पाया है किन्तु सभी स्थानों पर लगाने का कार्य तेजी से चालू है। ज्ञातव्य है कि भारत के स्वच्छ शहरों के सर्वेक्षण में इन्दौर शहर लगातार चार बार से प्रथम नम्बर पर है और पांचवीं बार भी प्रथम आने के लिए पंच लगाने की तैयारी है। नगर निगम ने घर घर और दुकान दुकान से कचरा इकट्ठा करने की व्यवस्था कर रखी है। सड़कों पर चलने वालों के लिए प्रत्येक दो सौ-ढाई सौ मीटर की दूरी पर दोनों पटरियों पर दो-दो डस्टबिन लगा रखे थे, जिनमें राहगीरों को कचरा डालने की सुविधा है। हरे डस्टबिन में गीला और नीले में सूखा कचरा डालने की हिदायत है। अब इन दो के साथ तीसरा पीला डस्टबिन लगाया जा रहा है, जिसमें कोरोना के बचाव से संबंधित अपशिष्ट डालने के निर्देश हैं। घर-घर, दुकान-दुकान से कचरा संग्रहीत करने वाली कचरा गाड़ी में भी कोराना-कचरा डालने के लिए अलग बॉक्स बनवाया गया है। घर-घर कचरा संग्रहण पर नगरनिगम पर जो अतिरिक्त बित्तीय बोझ पड़ रहा था उसकी भरपायी के लिए निगम ने प्रत्येक घर व दुकान से 3-4 रुपये दैनिक कचरा शुल्क लगा रखा है।

## दो चिकित्सा महाविद्यालय में विस्तार के लिए 703 करोड़ राशि की पुनरीक्षित स्वीकृति

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रि-परिषद की वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी के अंतर्गत निर्माणाधीन 300 बिस्तरीय अस्पताल के लिये पूर्व में जारी पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति 202 करोड़ 40 लाख के स्थान पर राशि 223 करोड़ 75 लाख रूपये के प्रस्ताव पर पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मंत्रि-परिषद ने गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल परिसर में 2000 बिस्तरीय चिकित्सालय के लिए निर्मित होने वाले भवनों की डिजाईन नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के प्रावधानों के अनुरूप नवीन भूकंपरोधी एवं अग्नि-सुरक्षा के मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य कराने से स्टील और कांक्रीट की मात्रा में हुई वृद्धि, अग्नि सुरक्षा के लिये लगाये जाने वाले विभिन्न उपकरण एवं दरवाजे नवीन फायर रेटिंग के अनुसार मूल्य वृद्धि होने तथा अन्य नवीन निर्माण कार्यों के लिये राशि 479 करोड़ 27 लाख रूपये की पुनरीक्षित स्वीकृति दी है। राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम-मंत्रि-परिषद ने राज्य शासन द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शिवपुरी की झीलों के पर्यावरण उन्नयन एवं संरक्षण योजना के लिये अतिरिक्त तृतीय पुनरीक्षित आवश्यक राशि 19 करोड़ 55 लाख रूपये के साथ कुल राशि 111 करोड़ 55 लाख रूपये व्यय करने तथा योजना को निरंतर रखने की मंजूरी दी। इसमें केन्द्रांश 29 करोड़ 4 लाख रूपये एवं राज्यांश 82 करोड़ 51 लाख रूपये हैं।

**डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम**-एक अन्य निर्णय में भारत सरकार की डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत प्रदेश के सर्वे री सर्वे के शेष कार्यों को बाह्य एजेंसी के स्थान पर राजस्व विभाग के विभागीय अमले तथा मैप आई.टी. के तकनीकी सहयोग से पूरा किया जायेगा। काम पूरा कराने के लिये कुल अनुमानित व्यय 293 करोड़ रूपये में से सर्वे री सर्वे के लिये भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राशि 228 करोड़ 54 लाख रूपये का उपयोग किया जायेगा, शेष राशि 64 करोड़ 46 लाख रूपये का व्यय राजस्व विभाग की मांग संख्या के अंतर्गत वर्ष 2022-2023 में 32 करोड़ रूपये एवं वर्ष 2023-2024 में 32 करोड़ 46 लाख रूपये का बजट का प्रावधान शामिल कराकर किया जायेगा।

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO Approved INTEGRATED AIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
www.w2track.com

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निगर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478